भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

29 जनवरी - 4 फरवरी 2025

26 JANUARY REPUBLIC DAY


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

पौष, पक्ष - कृष्ण, तिथि - अमावस्या , संवत 2081 पृष्ठ : 8+4 जयपुर, बुधवार वर्ष-10, अंक-48, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-



## जनता को भिखारी बनाने की भिखारियों में मची होड़!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

यूं तो हमारे देश में दान देने की परम्परा आदिकाल से चली आ रही है, मगर भिखारी बनाने की नहीं। पिछले कुछ वर्षों से राजनीतिज्ञ चुनावों के दौरान वोट बटोरने के लिए आमजनता को फ्री-फ्री-फ्री के प्रलोभन दे रही है। आमजनता को फ्री का चस्का लगा रही है। ताकि वह फ्री के चक्कर में उन्हें वोट दे और फ्री देने वाले सत्तासीन हो जाएं। मुझे याद है 1975 में लगी इमरजेंसी के बाद 1977 में बहुत सी पार्टियां अपने-अपने चुनाव चिन्ह छोड़कर कांग्रेस के खिलाफ एक जुट हो गई और जनता पार्टी का गठन कर सत्ता में आ गई। उस समय राजस्थान में जनता पार्टी का शासन आया, जिसके मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत बने थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री शेखावत ने गरीबों के लिए एक योजना चलाई थी, जिसका नाम था 'अंत्योदय योजना'। उस अंत्योदय योजना के अन्तर्गत गरीब लोगों को अनाज दिया जाता था। उसके बाद कोई फ्री की योजना नहीं आई। मगर, अफसोस की बात है कि इस समय बड़े-बड़े राजनीतिक दल आमजनता को फ्री का प्रलोभन देकर सत्तासीन होना चाहते हैं और हो भी रहे हैं। भले ही फ्री की घोषणाओं को पूरा करने के लिए उनके पास व्यवस्था ही नहीं है, मगर घोषणा हो रही है। इस दौर में सबसे पहले आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में फ्री की घोषणाएं की थी और सत्ता में आ गई। उसके बाद कांग्रेस ने भी फ्री की घोषणाएं करना शुरू कर दिया। अन्य क्षेत्रीय दल तो फ्री की घोषणाओं से चल ही रहे थे। मगर, आम आदमी पार्टी की घोषणाओं के विपरीत भारतीय जनता पार्टी ने उस समय घोषणा की थी कि हमारे शासन में हम लोगों को फ्री नहीं, रोजगार के अवसर देंगे। उन्हें समर्थ बनाएंगे। मगर अब वे भी खुलेतौर पर उसी चाल में चल दिए। फिलहाल दिल्ली विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। उसमें आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भाजपा तीनों ने फ्री योजनाओं की लिस्ट ही जारी कर दी है। पता नहीं ये नेता चुनाव लड़ने के लिए खुद किस-किस से चंदे की भीख मांग रहे हैं। मगर, जनता को फ्री देंगी। बदले में भी इन्हें भीख ही चाहिए, वो भीख है वोटों की। इससे आगे भीख मांगते-मांगते ये जनता को ही भिखारी बनाने पर तुल गए हैं। आखिर ये फ्री की योजनाएं कहां ले जाएंगी इस देश को। आज का जो बच्चा 5-7 साल का है वह 10-12 साल बाद वोटर बनेगा। उसको कमाने की आदत नहीं पड़ेगी। वह चुनावों का इंतजार करेगा और भिखारियों की तरह फ्री की घोषणाओं के सहारे अपनी योजनाएं बनाएगा।

shivdayalmishra@gmail.com

मुख्यमंत्री की दिल्ली में जनसभाः प्रधानमंत्री मोदी ने युवा, महिला, किसान, मजदूर को दिया सम्मान

## भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस के पद चिन्हों पर आम आदमी पार्टी-शर्मा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के लोग खुद को ईमानदारी का जनक बताते थे, लेकिन सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी भी भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस के पद चिन्हों पर चल रही है। ये लोग जाति और धर्म की बात करते हैं, लेकिन भाजपा सबका साथ, सबका विकास की राह पर चलते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के सिद्धांतों पर कार्य करती है।

शर्मा दिल्ली के द्वारका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रद्युम्न सिंह राजपूत के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता को झूठे सपने दिखाकर सत्ता में आई और दिल्ली में भ्रष्टाचार का मॉडल दिया। क्लासरूम बनाने के नाम पर इन्होंने 1,300 करोड़ रूपये का घोटाला किया। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी 65 हजार फर्जी लैब परीक्षण कर 300 करोड़ रूपये का घोटाला किया। साथ ही, इन्होंने 2,800 करोड़ रूपये का शराब घोटाला भी किया। घोटालों के कारण इनके विधायक, मंत्री ही नहीं मुख्यमंत्री भी जेल गए।







## HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

- मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- असाध्य घाव/शुगर के घाव
- कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133

डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in




राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886 | सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@gmail.com

# पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव 14 को, अधिसूचना आज


जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 14 फरवरी को जयपुर जिले में पंचायतीराज संस्थाओं में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए (जिन पदों का 05 वर्षीय कार्यकाल जनवरी, एवं मार्च में पूर्ण हो रहा है उनके अतिरिक्त) पदों पर उपचुनाव होंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए 29 जनवरी को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोक सूचना जारी की जाएगी। 3 फरवरी 2025 तक (रविवार, 2 फरवरी के अतिरिक्त) प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र स्वीकार किये जाएंगें। 5 फरवरी को सुबह 11 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी तो वहीं, 6 फरवरी को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। शुक्रवार, 14 फरवरी को सुबह 8 बजे से सांय 5 बजे तक मतदान होगा। शनिवार 15 फरवरी को प्रातः 9 बजे से जिला मुख्यालय पर जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति मुख्यालय पर पंचायत समिति सदस्य के पद हेतु मतगणना होगी। सांभरलेक पंचायत समिति सदस्य संख्याक 13, कोटखावदा पंचायत समिति की बल्लुपुरा पंचायत, तूंगा पंचायत समिति की पालावाला जाटान पंचायत एवं चाकसू पंचायत समिति की थली पंचायत के सरपंच के लिए उप चुनाव होगा। सांभर लेक पंचायत समिति की जयसिंहपुरा पंचायत, कोटखावदा पंचायत समिति की बल्लूपुरा पंचायत एवं तूंगा पंचायत समिति की पालावाला जाटान पंचायत के उपसरपंच के लिए उपचुनाव होगा। उन्होंने बताया कि भैसवा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 10, विजयपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 15, नटाटा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 2, काशीपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 5, हरसूलिया पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 6, हबसपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 2, जयसिंहपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 10, बल्लुपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 1,2,3 एवं 4 में उपचुनाव होगा।

वहीं तुंगा पंचायत समिति के पालावाला जाटान पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 1,2,3,4,5,6 एवं 7 के साथ साथ किशनपुरा पंचायत के पंच वार्ड संख्याक 5,6 और 7 के लिए उपचुनाव होगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई विवाह की वर्षगांठ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**जयपुर।** श्रीलाल रिझूमल साधवानी ने अपने विवाह की 62वीं वर्षगांठ जयपुर में मनाई। साधवानी अमरीका में रहते हैं और इस समय पिछले छह माह से जयपुर प्रवास पर हैं। श्रीलाल साधवानी ने अपनी जीवन संगनी गीता साधवानी के साथ मुरलीपुरा स्थित श्री संत बाबा मेहरदास ट्रस्ट मंदिर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई। वहीं शशि हरिरामानी और कविता हरिरामानी ने भी अपने वैवाहिक जीवन के 32 बसंत पार किए। दोनों ही दम्पतियों ने अपने जीवन के नए बसंत में प्रवेश करने के अवसर पर प्रातः गरीबों को कंबल और बच्चों को गिफ्ट बांटे। शाम को मंदिर प्रांगण में संगीत की धुनों पर बच्चे, बड़े और वरिष्ठजनों ने खूब धमाल मचाई। वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम के अंत में दीपक जलाकर केक काटा और सबको खिलाया। उसके बाद उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर लोकचंद हरिरामानी, हरिनारायण, कन्हैयालाल, रमेश करमचंदानी, लक्ष्मी, इंदू समेत बड़ी संख्या में उपस्थित गणमनान्य जनों ने युगल जोड़ों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

**हर दिन शाम 5 बजकर 5 मिनट पर रवाना होगी, जो शाम 7 बजे पहुंचेगी प्रयागराज**

# महाकुंभ के लिए जयपुर से रोजाना फ्लाइट



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर से महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए स्पाइसजेट एयरलाइंस ने जयपुर से प्रयागराज के लिए नई डेली फ्लाइट शुरू करने का फैसला किया है। यह फ्लाइट हर दिन जयपुर से प्रयागराज और प्रयागराज से जयपुर आएगी। इससे पहले भी स्पाइसजेट एयरलाइंस और एलाइंस एयरलाइंस द्वारा प्रयागराज के लिए दो सीधी फ्लाइट संचालित की जा रही है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्पाइसजेट एयरलाइंस ने एक और सीधी फ्लाइट प्रयागराज के लिए शुरू करने का फैसला किया है। ऐसे में अब यात्रियों को महाकुंभ में जाने के लिए एक और विकल्प मिलेगा। महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एयरलाइंस द्वारा फ्लाइट संख्या एसजी - 2965 11 फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित होगी। जो हर दिन शाम 5 बजकर 5 मिनट पर जयपुर से प्रयागराज के लिए रवाना होगी। जो लगभग 2 घंटे में अपना सफर पूरा कर शाम 7 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। इसी तरह हर दिन प्रयागराज से एसजी - 2966 11 फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित होगी। जो हर दिन शाम 7 बजकर 25 मिनट पर प्रयागराज से रवाना होगी।

### अभी दो फ्लाइट

**बता** दें कि इससे पहले ही जयपुर से प्रयागराज के लिए दो फ्लाइट संचालित की जा रही है। इसमें स्पाइसजेट एयरलाइंस की एक फ्लाइट डेली जयपुर से प्रयागराज और प्रयागराज से जयपुर के लिए संचालित हो रही है। लाइंस एयरलाइंस की फ्लाइट साप्ताहिक है।

# ट्रोमा सेंटर पर मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** 26 जनवरी को सवाई मानसिंह चिकित्सालय के ट्रोमा सेंटर में राष्ट्र के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का उल्लास पूर्ण आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ट्रोमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ अनुराग धाकड़, उपाधीक्षक डॉ जगदीश मोदी, नर्सिंग अधीक्षक ज्ञानप्रकाश नैना के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ट्रोमा सेंटर के सभी चिकित्साकर्मियों के द्वारा राष्ट्रगान किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात् उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, सहायक कर्मचारियों का प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।

सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में डॉ दिनेश गोरा, डॉ हनुमान मंगल, नर्सिंग अधिकारियों में इमरजेंसी आईसीयू इंचार्ज सुरेश यादव, हेल्प डेस्क के उदय सिंह, मास कैजुअल्टी वार्ड के प्रभारी राम लाल, सोम सिंह मीणा, लेबोरेटरी टेक्निशियन सुगर सिंह, राम दयाल, ट्रोमा सेंटर के कार्यालय कर्मी लोकेश कुमार शर्मा, सोनू शर्मा प्रमुख है।







**जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया सम्मान**

# उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हुआ सम्मान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जयपुर के चौगान में स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान हुआ। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अतिरिक्त जिला कलक्टर के निजी सहायक मुकेश कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं, समारोह में सहायक अभियंता विजय कुमार, सहायक प्रबंधक आरटीडीसी तेज सिंह राठौड़, छात्रावास अधीक्षिका शबनम खान, परिवहन निरीक्षक मुकुंद राठौड़, सहायक सांख्यिकी अधिकारी अखिलेश यादव, सूचना सहायक नैना जोशी, होमगार्ड आनंद परसोया, प्रशासनिक अधिकारी प्रशांत सक्सेना, ग्राम विकास अधिकारी राकेश सिंह निर्वाण, कनिष्ठ सहायक हर्षित शर्मा एवं चंचल शर्मा सहित विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों के 15 अधिकारियों एवं कार्मचारियों का सम्मान हुआ। इस मौके पर भांकरोटा सड़क दुर्घटना के दौरान साहसिक कार्य करते हुए बचाव कार्य करने वाले 9 आम नागरिकों का भी सम्मान किया गया। समारोह में वीर गाथा प्रोजेक्ट 4.0 की विजेता छात्राओं के साथ साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली सुश्री धर्मा जाट, सदाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिनेश कुमार जैन, योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले आशुतोष शर्मा, पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले सृष्टि मंगल एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रीकृष्ण शर्मा एवं सुजस सांस्कृतिक सेवा संस्थान का सम्मान किया गया।





# कार्यालय-नगरपालिका संगरिया

क्रमांक: 8372 दिनांक: 24.01.2025

**जिंदगी को हाँ, नशे को ना कहे!**

**मानस अभियान**

(Mission Against Narcotic Abuse in Society)

**आमजन से अपील**

- मैं मानस अभियान के अन्तर्गत शपथ लेता/लेती हूं कि मैं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन या उपयोग नहीं करता हूं/करती हूं साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन या उपयोग नहीं करूंगा/करूंगी।
- मैं इस सत्य के साथ अवगत हूं कि नशीले पदार्थों की आदत के कारण वर्तमान में सभी आयु वर्ग के व्यक्ति पीड़ित हो रहे हैं इनकी आदत, आचरण एवं व्यवहार से समाज का वातावरण विकृत एवं दूषित हो रहा हैं इसलिए मैं प्रण करता हूं/करती हूं कि मैं अपने संगरिया एवं समाज को नशा मुक्त बनाने में मदद करूंगा/करूंगी।
- मैं इस अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक व्यक्तियों को जोड़ने हेतु प्रेरित करूंगा/करूंगी मैं संकल्प लेता हूं/लेती हूं कि नशे की सभी प्रकार की नशीली सामग्रियों का बहिष्कार करते हुए इनका उपयोग को नकारते हुए नशे की आदत को समाप्त करने का आहवान करूंगा/करूंगी।
- इस अभियान में अपनी सक्रिय सशक्त भूमिका से एक स्वस्थ्य समाज के निर्माण में अपना योगदान एवं सहयोग प्रदान।
- अपने गली मोहल्लों को साफ सुथरा रखे।
- कचरा, कचरा पात्रों में ही डालें।
- वातावरण प्रदूषित न हो इसका ध्यान रखें।
- पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण करें एवं इन पौधों की नियमित देखभाल करें।
- नगर को स्वच्छ व साफ सुथरा रखने में नगरपालिका का सहयोग करें।
- राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठावें।



मोनिका बंसल
कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी
(तहसीलदार), संगरिया



सुखवीर सिंह
अध्यक्ष
नगरपालिका संगरिया


### सोमसिंह मीना उत्कृष्ट नर्सिंग कार्य के लिए हुए सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** ट्रॉमा एवं अस्थि रोग संस्थान सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर में 76 वे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में डॉ अनुराग धाकड़ नोडल अधिकारी एवं डॉ जगदीश मोदी उप अधीक्षक के द्वारा उत्कृष्ट नर्सिंग कार्य करने पर सोमसिंह मीना नर्सिंग ऑफिसर को सम्मानित किया गया। मीना पिछले 9 वर्षों से मास कैजुअलिटी वार्ड ट्रॉमा सेंटर में नर्सिंग सेवाएं दे रहे हैं। जिनको उत्कृष्ट नर्सिंग कार्य करने पर पूर्व में भी फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवॉर्ड ओर राज्य स्तरीय अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।



गणतंत्र दिवस का जश्न : प्रदेश में हुए विभिन्न आयोजन, जयपुर में बड़ी चौपड़ पर भाजपा और कांग्रेस ने लहराया तिरंगे को

# गुलाबी नगरी में उत्साह से मनाया गणतंत्र दिवस

**जयपुर।** राजधानी की बड़ी चौपड़ पर 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सालों से चली आ रही परंपरा के अनुसार रविवार को सत्तारूढ़ दल भाजपा और कांग्रेस ने अलग-अलग दिशाओं में झंडारोहण किया। सत्ता पक्ष की ओर से उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने पूर्व दिशा की तरफ ध्वजारोहण किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा और बालमुकुंद आचार्य, महापौर कुसुम यादव, भाजपा नेत्री ज्योति खंडेलवाल समेत कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। विपक्षी दल की ओर से नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पश्चिम दिशा में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, महेश जोशी, जिलाध्यक्ष आरआर तिवाड़ी, धर्मेंद्र राठौड़ और अभिषेक चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। दोनों ही दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का जोश इस दौरान देखने लायक था। सबने भारत माता की जय का उद्घोष किया।


भाजपा का जोश


कांग्रेस का जज्बा

पुलिस मुख्यालय : शान से लहराया तिरंगा, पारंपरिक हर्षोल्लास और देशभक्ति से सराबोर माहौल में तिरंगे को दी गई सलामी

## डीजीपी प्रियदर्शी ने श्रेष्ठ कार्मिकों को किया सम्मानित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

एससीआरबी, साइबर अपराध एवं तकनीकी सेवा के पुलिस महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने गणतंत्र दिवस पर पुलिस मुख्यालय में तिरंगा फहराया। पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और देशभक्ति से सराबोर माहौल में हुआ। समारोह में प्रियदर्शी ने परेड की सलामी लेने के बाद सम्मान गार्ड का निरीक्षण किया।



समारोह में उन्होंने भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र प्रसाद उमानन्द, प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सांगाराम, महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज जोधपुर के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी करण सिंह राजपुरोहित, कार्यालय अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस आर्म्ड बटालियन्स में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राम सिंह मीणा, बारां में सहायक प्रशासनिक अधिकारी मुबारिक हुसैन, भीलवाड़ा में सहायक प्रशासनिक अधिकारी भंवर सिंह कानावत, संस्थापन शाखा कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला कोटा शहर में सहायक प्रशासनिक अधिकारी गोविंद स्वरूप मेघवाल, कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला उदयपुर में सहायक प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार मीणा एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला भीलवाड़ा में वरिष्ठ सहायक नन्द सिंह राठौड़ को प्रशंसा पत्र प्रदान किये।

### पुलिस कमिश्नरेट : धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय पर्व



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट जयपुर में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रशासन एवं यातायात योगेश दाधीच, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अपराध कुंवर राष्ट्रदीप, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था डॉ. रामेश्वर सिंह चौधरी, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) देवेन्द्र विश्नोई, पुलिस उपायुक्त पूर्व तेजस्वनी गौतम, पश्चिम अमित कुमार, यातायात सागर, अपराध सुशील कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शिल्पा चौधरी, सहित पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीकर : 252 फीट लंबा तिरंगा बना सबके आकर्षण का केंद्र


**सीकर।** दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालयकी ओर से 252 फीट लंबे तिरंगे से भव्य यात्रा निकाली गई। तीन किमी लंबी यात्रा में कुलपति प्रो. अनिल राय समेत कर्मचारी और स्टूडेंट्स पैदल चले।

### अल्बर्ट हॉल की पेंटिंग प्रदर्शनी में दिखाए भारत के सतरंगी रंग

**जयपुर।** अल्बर्ट हॉल म्यूजियम में विशेष पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। उद्घाटन जयपुर नगर निगम हेरिटेज की महापौर कुसुम यादव और आयुक्त अरुण हसीजा ने किया। बच्चों ने अपनी रचनात्मक पेंटिंग्स के माध्यम से रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल का संदेश देते हुए ठोस कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। इस मौके पर महापौर ने बच्चों की रचनात्मकता की प्रशंसा की। उनकी सोच और मेहनत यह दिखाती है कि नई पीढ़ी समाज को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कितनी प्रतिबद्ध है। आयुक्त अरुण हसीजा ने कहा कि अगली पीढ़ी जागरूक और संवेदनशील होगी। बच्चों के प्रयास दिखाते हैं कि जयपुर स्वच्छता में सबको पीछे छोड़ेगा।

### प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे तो सपने को साकार कर पाएंगे

**जयपुर।** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के मुख्यालय, में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सबको शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि सपनों का भारत साकार करने के लिए पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ कार्य करें। हर नागरिक को न्याय और समानता मिले। हमारे लिए सही मायनों में आजादी तब होगी जब किसी भी आमजन को भ्रष्टाचार का सामना नहीं करना पड़े। भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों से लोगों को जोड़ने की आवश्यकता है। समारोह में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए डीजी डिस्क और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विशनाराम विश्नोई, अमित सिंह, विक्रम सिंह परमार ज्ञान सिंह चौधरी, उप अधीक्षक पुलिस अभिषेक पारीक, नवल किशोर मीणा, पुलिस निरीक्षक श्याम कुमार, अनिता मीणा, सीताराम सोनी, पुरषोत्तम, डॉ. सोनू शेखावत, सहायक उप निरीक्षक रामजीलाल, बाल कृष्ण रीतराम सिंह, शिवराज सिंह, हनुमान प्रसाद श्रोत्रिय, रमेश चन्द, मुख्य आरक्षक हवा सिंह, दीपू चन्द, विनय कुमावत को महानिदेशक डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

### उदयपुर : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने मार्च पास्ट की ली सलामी


**उदयपुर।** उदयपुर के राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बतौर अतिथि मौजूद रहे। समारोह में पुलिस ने घुड़सवारी के हैरतअंगेज करतब दिखाए। तेज रफ्तार से दौड़ते घोड़ों पर सवार होकर तलवार और भाले के साथ प्रदर्शन और छलांग लगाकर बाधाएं पार करने के साहस ने अतिथियों और दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

### महिला कलाकारों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का सुंदर हुनर


**जयपुर।** पुरातत्व विभाग के सहयोग से विनीता आर्ट्स और स्काई हॉक की ओर से गांधी वाटिका म्यूजियम में तीन दिवसीय पैंटिंग कार्यशाला व सह प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। इसमें 30 महिला कलाकारों ने ऐतिहासिक स्थलों का चित्रण कर प्रतिभा का हुनर पेश किया। चित्रकार चिन्मय मेहता बतौर जज शामिल हुए।

निगम हेरिटेज और ग्रेटर के आयोजन : कार्यालयों में किया झंडारोहण, श्रेष्ठ पार्षद और कार्मिकों सम्मानित

## संकल्प : स्वच्छता रैंकिंग में जयपुर आएगा शीर्ष पर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

हेरिटेज निगम में हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया गया। हेरिटेज निगम मुख्यालय पर महापौर कुसुम यादव ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उप महापौर असलम फारूकी, निगम आयुक्त अरुण हसीजा, अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ सहित पार्षद अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान चार पार्षदों विमल अग्रवाल, रजत विश्नोई, रश्मि गुजराती और राबिया बहन गुडेज को सम्मानित किया गया निगम की साधारण सभा में चारों पार्षदों ने अपने कौशल का परिचय दिया था।


हेरिटेज गंणतंत्र


ग्रेटर गंणतंत्र

### नुक्कड़ नाटक ने दिया सार्थक संदेश, लोगों ने जमकर सराहा


**जयपुर।** बीएएमएस एवं बीएनबाईएस के छात्र-छात्राओं की ओर से म्यूजिकल योग प्रस्तुति पर प्रथम पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी प्रदान की गई। सीनियर छात्रों भानु जीतू पलक एवं डॉ मनीषा चौधरी के निर्देशन में शानदार नक्कड नाटक एवं अन्य प्रस्तुतियां दी गईं।

## सम्पादकीय

# जीवन की गरिमा

असम में विदेशी नागरिकों को लंबे समय से डिटेंशन सेंटर में रखे जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी कई लिहाज से अहम है। इस मामले में राज्य सरकार का जो रुख सामने आया है, उससे ऐसा लगता है कि वह इन विदेशी नागरिकों के कानूनी और संवैधानिक अधिकारों को लेकर पर्याप्त गंभीर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के पास आए इसी मामले की बात करें तो 270 लोगों को असम के डिटेंशन सेंटर्स और ट्रांजिट कैंपों में लंबे समय से रखा जा रहा है। अदालत के सामने आए तथ्यों के मुताबिक, इनमें से कुछ लोगों को तो वहां रहते हुए 10 साल हो चुके हैं। स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि आखिर इन्हें वहां क्यों रखा गया है और इन्हें इनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया कहां तक पहुंची है। उसमें इतनी देर क्यों हो रही है? हैरत की बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट को जवाब देने में भी राज्य सरकार के अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई। सरकार का यही कहना था कि ये सब विदेशी हैं और इन्हें फॉरेनर्स ट्राइब्यूनल्स की ओर से विदेशी घोषित कर दिए जाने के बाद ही डिटेंशन सेंटर में भेजा गया है। लेकिन सरकारी हलफनामे में इन्हें हिरासत में रखने का कोई कारण नहीं बताया गया है, ना ही यह जानकारी दी गई है कि इन्हें स्वदेश भेजने की दिशा में कौन से कदम उठाए गए हैं। इस मसले को अगर पिछले कुछ वर्षों में विदेशी घुसपैठियों पर तेज हुई राजनीति के संदर्भ में देखें तो कथित घुसपैठियों के खिलाफ कई गैरजिम्मेदार बयान भी देखने को मिल जाते हैं। इससे किसी कारण भारत में रह रहे विदेशियों के खिलाफ नफरत का माहौल बनता है और यह सवाल भी उठता है कि क्या सरकारी अधिकारियों के व्यवहार या फैसले पर उस माहौल का भी प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव पड़ रहा है। शायद इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने इसे रेखांकित करना जरूरी समझा कि देश के संविधान की ओर से दिए गए जीवन के अधिकार की गारंटी यहां रह रहे सभी लोगों के लिए है चाहे वे विदेशी ही क्यों न हों। अवैध तौर पर देश में घुस आए लोगों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई जरूर की जाए, लेकिन इस क्रम में उनके जीवन की गरिमा सुरक्षित रहनी चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट ने असम में विदेशी नागरिकों को लंबे समय से डिटेंशन सेंटर में रखे जाने के मामले में राज्य सरकार पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने सरकारी हलफनामे में विदेशी नागरिकों को हिरासत में रखने का कारण नहीं बताया गया और इन्हें स्वदेश भेजने की प्रक्रिया में हो रही देरी पर सवाल उठाए हैं।**

**आयुर्वेद में 'संतुलन' का अर्थ शारीरिक दोषों जैसे कि वात, पित्तऔर कफ एवं मानसिक दोषों जैसे कि राजस और तमस के संतुलन से है। आयुर्वेद इन सभी दोषों के प्राकृतिक संतुलन को वापस लाने का प्रयास करता है, जिससे शरीर की आंतरिक बुद्धि को सक्रिय किया जा सके ताकि आत्म-मरम्मत और उपचार हो सके।**

# आयुर्वेद के दृष्टिकोण से नशा और मानसिक स्वास्थ्य

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net


डॉ. माया महला
चिकित्सक
@jagrukjanta.net

**आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के महत्व पर बल देता है अत: इसके माध्यम से हम शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन कर नशे की छुड़वाने के प्रयासों को बढ़ावा दे सकते हैं।**

वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर नशा एक बहुत ही गंभीर समस्या बन चुका है। आज युवासे वृद्ध, अशिक्षित से शिक्षित, गरीब से अमीर सभी वर्गों के लोग नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं जो न केवल व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य को बल्कि मानसिक - सामजिक - आर्थिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। मानसिक अस्वास्थ्य, युवा पीढ़ी के लिए सबसे बड़े स्वास्थ्य जोखिमों में से एक है, यह एक व्यापक शब्द है जिसका उपयोग मानसिक विकारों और मनोसामाजिक अक्षमताओं जैसे कि एकध्रुवीय अवसाद दोनों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। आयुर्वेद में 'संतुलन' का अर्थ शारीरिक दोषों जैसे कि वात, पित्तऔर कफ एवं मानसिक दोषों जैसे कि राजस और तमस के संतुलन से है। आयुर्वेद इन सभी दोषों के प्राकृतिक संतुलन को वापस लाने का प्रयास करता है, जिससे शरीर की आंतरिक बुद्धि को सक्रिय किया जा सके ताकि आत्म-मरम्मत और उपचार हो सके। यह दृष्टिकोण, प्रत्येक व्यक्ति और स्थिति के लिए अद्वितीय है, जिसे किसी के मानसिक स्वास्थ्य की यात्रा में आसानी से अपनाया जा सकता है। चूंकि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के महत्व पर बल देता है अतः इसके माध्यम से हम शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन कर नशे की छुड़वाने के प्रयासों को बढ़ावा दे सकते हैं। इसके लिए कुछ प्रयास इस प्रकार से किये जा सकते हैं-




1. **पथ्य परिकल्पना का पालन-** नशे की लत छुड़वाने के लिए आयुर्वेद चिकित्सा के साथ-साथ पथ्य परिकल्पना के बारे में अवगत करवाते हैं जिसमें नशे के शिकार व्यक्ति को बताया जाता है कि उसे स्वास्थ्य के अनुसार एवं मौसम के अनुसार क्या सेवन करना है।
2. **योग- प्राणायाम करना-** इसकी भी नशे की लत से छुटकारा पाने में अहम भूमिका हैं जिसमें सुबह जल्दी उठने से लेकर, विभिन्न तरह के आसन-प्राणायाम (चिकित्सक की देखरेख में) आदि के द्वारा स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता हैं।
3. **उत्तम दिनचर्या पालन-** सुबह जल्दी उठने से लेकर रात्रि में समय पर सोने तक हमारी दिनचर्या स्वास्थ्य को अनेक प्रकार से प्रभावित करती है, अतः इसमें आयुर्वेद चिकित्सक के बताये अनुसार विभिन्न सुझावों का पालन करते हुए व्यक्ति नशे से दूर रहकर अपने शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रख सकता है।
4. **मनोवैज्ञानिक सहायता-**मनोवैज्ञानिक सहायता, जैसे कि थेरेपी और काउंसलिंग, व्यक्ति को मानसिक विकारों को समझने और उनसे निपटने की क्षमता देती है। इसके द्वारा व्यक्ति को भावनाओं और मानसिक स्थिति को स्वीकारने और सुधारने का मार्ग मिलता है।
5. **विभिन्न मेध्य द्रव्यों (औषध) का प्रयोग-** नशे की चिकित्सा में विभिन्न औषध द्रव्यों जैसे 'अश्वगंधा, आमलकी, तगर आदि के प्रयोग से विभिन्न समस्याएं जैसे- नींद नहीं आना, गुस्सा ज्यादा आना आदि में बहुत लाभ होता है।
6. **परिवार और दोस्तों का सहयोग -** परिवार और दोस्तों का समर्थन नशे की आदत से छुटकारा पाने में अहम भूमिका निभाता है। जब नशे के शिकार व्यक्ति को अपने करीबी लोगों का सहारा मिलता है, तो उसे मानसिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिलती है। प्यार, समझ, और सहनशीलता के साथ परिवार और दोस्त व्यक्ति के पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

**निष्कर्ष** - नशे की आदत और मानसिक स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध है। नशे की लत मानसिक विकारों को जन्म देती है, और यदि इसका सही समय पर इलाज नहीं किया जाता, तो यह जीवन को और भी कठिन बना सकता है। नशे की आदत से छुटकारा पाने के लिए हमें आयुर्वेद में बताये अनुसार मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और समय पर उपचार को प्राथमिकता देनी चाहिए। मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, नशे की आदत से मुक्त रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# महाकुंभ का अर्थ सिर्फ स्नान नहीं, यहां आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार है

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net


नविता
पत्रकार
@jagrukjanta.net


*पूर्णः कुम्भोऽधि काल अहितस्तं वै पश्यामो बहुधा नु सन्तः । स इमा विश्वा भुवनानि प्रत्यङ्कालं तमाहुः परमे व्योमन् ॥*
*(अथर्ववेद)*

अर्थात–हे सन्तगण ! पूर्ण कुम्भ बारह वर्ष के बाद आता है।कुम्भ उस काल विशेष को कहते हैं, जो महान् आकाश में ग्रह-राशि आदि के योग से होता है। पौराणिक कथा के अनुसार जब देवताओं और असुरों के बीच समुद्र मंथन हुआ तब समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अमृत कलश यानी कुंभ लेकर प्रकट हुए। देवताओं के कहने पर देवराज इंद्र का पुत्र जयंत, अमृत से भरे कलश को लेकर भागने लगा और असुर जयंत के पीछे भागने लगे। अमृत कलश के लिए देवताओं और राक्षसों के बीच बारह दिन तक भयंकर युद्ध हुआ। माना जाता है कि चंद्रमा ने घट से अमृत के बहाव को रोका, सूर्य ने घट को टूटने से बचाया, गुरु ने और शनि ने दैत्य से घट की रक्षा की और फिर भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर सभी देवताओं में अमृत बांटा। इस युद्ध के दौरान छीना झपटी में 4 स्थानों पर कलश से अमृत की बूंदे गिरी, उन स्थानों पर आज कुंभ मेला लगता है। चार स्थानों की पवित्र नदियों के तट पर होता हैं- प्रयागराज(गंगा, यमुना, सरस्वती नदियों का संगम), हरिद्वार (गंगा नदी), उज्जैन (शिप्रा नदी)और नासिक(गोदावरी नदी) हैं। कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा अध्यात्म का संगम माना जा रहा हैं। कुंभ का मेला बृहस्पति और सूर्य ग्रह के संचार से भी जुड़ा है। इन दोनों ग्रहों और चंद्रमा की स्थिति के अनुसार, कुंभ मेले की तारीख खगोलीय घटनाओं के आधार पर तय होती है। गुरु ग्रह सूर्य का एक चक्कर 12 वर्षों में पूरा कर पता है। इसलिए भी पूर्ण कुंभ 12 वर्ष में हर एक स्थान पर आयोजित होता हैं।


कुंभ मेला चार श्रेणियों मे होता हैं, जो चारों स्थानों पर 12 साल में एक बार होता हैं उससे कुंभ। अर्ध कुंभ हर 6 साल में केवल प्रयागराज और हरिद्वार में आयोजित किया जाता है। अर्ध कुंभ के संबंध में माना जाता है कि, मुगल काल में चारों दिशाओं के शंकराचार्यों ने सनातन धर्म की रक्षा और प्रचार प्रसार के लिए हरिद्वार एवं प्रयाग में साधु-संतों एवं बड़े-बड़े विद्वानों को बुलाकर विचार विमर्श किया तभी से अर्ध कुंभ मेला होने लगा।पूर्ण कुम्भ 12 वर्ष में एक बार प्रयाग राज में होता हैं और महाकुंभ 12 पूर्ण कुम्भ पुरे होने पर याने 144 साल में जो कुंभ होता हैं उससे महा कुंभ कहा जाता हैं। जो इस बार 2025 में प्रयाग राज में आयोजित हो रहा हैं। कुंभ स्नान से व्यक्ति अपने अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति पाता है।

कुंभ का आध्यात्मिक वातावरण, साधु-संतों का समागम ही, अपने आप में आध्यात्मिक ज्ञान और मानसिक चेतना को जागृत कर देता है। कुंभ मेले के दौरान, माना जाता है कि पवित्र नदियों का जल औषधि युक्त और पवित्र अमृत के तुल्य हो जाता है, क्योंकि ग्रह नक्षत्र की दशा और दिशा दोनों ही आकाश से सूर्य की किरणों द्वारा नदियों को ऊर्जा पहुंचा ती हैं। किसी अन्य देश में इतना बड़ा धार्मिक आयोजन इस स्तर पर अब तक नहीं हुआ, यह आस्था,विश्वास, संस्कृति,मानवता और सनातन धर्म ही हैं,जो अकल्पनीय रूप से सबको एक साथ जोड़ कर रखने के लिए प्रयासरत हैं। तभी तो देश विदेश से आए उत्सुक भक्त,चाहे जिस भी क्षेत्र में कार्यरत हों, कुंभ मेले में आध्यात्मिक ऊर्जा की खोज में पहुंच जाते हैं। और यही कारण हैं कि विज्ञान भी अध्यात्म की नदी में गोते खाता नजर आता हैं कुंभ में।



# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया**

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 29/01/2025**

**सूर्योदय :** 07:17 **सूर्यास्त :** 18:02 **चन्द्रोदय :** 07:11 **चन्द्रास्त :** 17:57 **शक सम्वत :** 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना :** पौष **पूर्णिमांत :** माघ **सूर्य राशि :** मकर **चन्द्र राशि :** मकर **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** अमावस्या, 18:02 तक **वार :** बुधवार **चन्द्रमास माघ :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2081 पिङ्गल **पौष :** अमान्त**गुजराती सम्वत :** 2081 नल **प्रविष्टे/गते :** 16

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** उत्तराषाढ़ा, 08:12 तक
**योग :** सिद्धि, 21:13 तक
**प्रथम करण :** नागा, 18:02 तक
**द्वितिय करण :** किमस्तोगना, 29:10 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 05:25 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:51 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:22 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:55 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 05:58 पी एम से |
| अमृत काल | 09:19 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:08 ए एम, जनवरी 30 से 01:01 ए एम, |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : दक्षिण
कुंभ चक्र : कण्ठ

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 07:16 - 08:37 | उद्वेग : 18:01 - 19:40 |
| अमृत | : 08:37 - 09:58 | शुभ : 19:40 - 21:20 |
| काल काल वेला | : 09:58 - 11:18 | अमृत : 21:20 - 22:59 |
| शुभ | : 11:18 - 12:39 | चर : 22:59 - 00:39 |
| रोग वार वेला | : 12:39 - 13:59 | रोग : 00:39 - 02:18 |
| उद्वेग | : 13:59 - 15:20 | काल : 02:18 - 03:57 |
| चर | : 15:20 - 16:41 | लाभ : 03:57 - 05:37 |
| लाभ | : 16:41 - 18:01 | उद्वेग : 05:37 - 07:16 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज अमावस्या

**आज कौन सा कार्य करें**

अमावस्या को पितृ कार्य और शल्य क्रिया करके उनमे सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

पौष, कृष्ण, अमावस्या, 2081 बुधवार, 29 जनवरी - 4 फरवरी, 2025

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
जीवनसाथी को कार्यक्षेत्र में उत्तम परिणाम मिलेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिये काफी शुभ रहेगी।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
आप अपने काम से सन्तुष्ट रहेंगे। जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। आपकी कोई महत्वाकांक्षा पूर्ण हो सकती है। आज आप काफी मेहनत करेंगे। धार्मिक कार्यों और गूढ़ विषयों में आप रुचि लेंगे।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
आपके काम समय पर पूरे न होने से नुकसान होगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिलने में परेशानी होगी। गरिष्ठ भोजन करने से आपको बचना चाहिये। मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
पारिवारिक सदस्यों के साथ पर्यटन की योजना बनायेंगे। कड़वे शब्दों का प्रयोग न करें। रिश्तेदारों के ऊपर आपको धन खर्च करना पड़ सकता है। खर्चीली वृत्ति के कारण आपकी बचत पर बुरा असर पड़ेगा।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ङ,छ,के,को,ह]
रिश्तेदारों के माध्यमों से आपको धन लाभ हो सकता है। विदेश में रहने वाले लोगों को अच्छी जॉब मिल सकती है। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलने की सम्भावना है। बच्चे पढ़ाई पर ध्यान देंगे।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद कम होंगे। रुकी हुई पेमेन्ट आपको वापस मिल सकती है। प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। नौकरीपेशा लोगों को यात्रा करनी पड़ेगी। मनोरञ्जन में आप काफी समय बितायेंगे।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
आपकी प्रतिभा की कार्यक्षेत्र में प्रशंसा होगी। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। काम की अधिकता के बावजूद आप परिवार को समय देंगे। उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
सरकारी जॉब करने वाले लोगों को परेशानी होगी। परिजनों के साथ मतभेद उभर सकते हैं। बेरोजगारों के ऊपर परिवार का दबाव बढ़ेगा। परिस्थितियों का आकलन करने में चूक कर सकते हैं।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
कानूनी मामलों में आपको विजय मिलने की सम्भावना है। जॉब में आपके अधिकार बढ़ेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी। सन्तान की उन्नति से आपका मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में आप महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
क्रोध पर नियन्त्रण रखना चाहिये। हृदय रोगियों की परेशानी बढ़ सकती है। छात्र पढ़ाई को लेकर थोड़ी लापरवाही कर सकते हैं।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
युवा जातक अपने करियर को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार में सुख-शान्ति का माहौल रहेगा।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

सत्र की विभिन्न व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श हेतु समीक्षा बैठक

# सोलहवीं विधान सभा के तृतीय सत्र के लिये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## वाहनों का प्रवेश विधान सभा के द्वार संख्या 7 से और निकास द्वार संख्या 6 से

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सोलहवीं राजस्थान विधान सभा का तृतीय सत्र शुक्रवार 31 जनवरी से आरंभ होगा। विधान सभा सचिवालय ने सत्र के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली है। सत्र के दौरान विधानसभा की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था भी कर ली गयी है। विधान सभा के तृतीय सत्र के लिए तैयारी चल रही है। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर गुरुवार को विधान सभा प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा ने सत्र से संबंधित की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र में विधान सभा परिसर में वाहनों का प्रवेश द्वार संख्या 7 से होगा और वाहनों का विधान सभा से निकास द्वार संख्या 6 से होगा। वाहनों की पार्किंग निर्धारित पार्किंग स्थलों पर हो सकेगी। परिसर में वही वाहन प्रवेश कर सकेंगे, जिन पर तृतीय सत्र का सत्रकालीन वाहन प्रवेश पत्र लगा होगा। विधान सभा भवन में पैदल प्रवेश व निकास द्वार संख्या 6 और 7 पर बने स्वागत कक्ष के माध्यम से होगा। सत्र के दौरान विधान सभा में मुख्यमंत्री व मंत्रीगण से मिलने आने वाले प्रतिनिधि मण्डलों के प्रवेश की व्यवस्था संबंधित से सहमति मिलने के पश्चात सम्पर्क अधिकारी द्वारा की जायेगी। बैठक में विधान सभा के वरिष्ठ उप सचिव पुरुषोत्तम शर्मा और उप सचिव देवेन्द्र प्रसाद चौटिया सहित अधिकारीगण मौजूद थे।

# एनआईए में उत्साह से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस समारोह



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) में 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ झण्डा फहरा कर किया। कुलपति महोदय को एनआईए के सुरक्षाकर्मियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर कुलपति शर्मा ने कहा कि देश और देशवासियों के लिए आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है आज हमारे देश का संविधान लागू हुआ। इसी संविधान से हमें हमारे मौलिक अधिकार मिले। देश की प्रगति में प्रत्येक नागरिक ने अपना अमूल्य योगदान दिया है। गणतंत्र दिवस समारोह में संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा मानव पिरामिड, कश्मीर की त्रासदी, मंगल पांडे पर आधारित मंचन, भ्रष्टाचार, नृत्य, गाना, योग के माध्यम से विभिन्न मुद्राओं को करके स्वास्थ्य रहने के संदेश, भाषण और कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संस्थान के विद्यार्थियों, चिकित्सकों, अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह पर दी गई प्रस्तुतियों ने देश प्रेम के प्रति भावविभोर किया। कार्यक्रम में एनआईए के विभागाध्यक्षों, प्रोफेसर, चिकित्सकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ संजय अग्रवाल, डॉ पुनीत चतुर्वेदी संस्थान के विद्यार्थी चिराग मंगल गार्गी एवं शिवानी ने किया।

## मुरारी शर्मा "पिंक सिटी अचीवमेंट अवार्ड 2025" से सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सेहत साथी फाउंडेशन व मोनार्क ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुर्तगाल निवासी एनजीओ संचालक मिस्टर क्रेंटो द्वारा मुरारी शर्मा को कोरोना काल में किए गए अनेक सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया। शर्मा द्वारा की गई सेवाओं एवं अभियान चलाकर समाज को जागृत करने के लिए पिंकसिटी अचीवमेंट अवार्ड 2025 के लिए चुना गया। शर्मा को सम्मान मिलने पर प्रबुद्धजनों ने बधाई दी।

## उत्तरायण की पहली अमावस्य आज

**जयपुर @ जागरूक जनता।** उत्तरायण की पहली अमावस्या माघ मास के कृष्ण पक्ष की 29 जनवरी को उत्तराषाढ़ा नक्षत्र और सिद्धि योग में मौनी अमावस्या के रूप में मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि गंगा सहित पवित्र नदियों में स्नान का विशेष फल होने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज सहित अन्य तीर्थ स्थलों की ओर प्रस्थान कर गए हैं। मौनी अमावस्या सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर जाने के पहले महापर्व के रूप में मनाया जाता है। इसलिए सभी तीर्थ स्थलों पर मौनी अमावस्या पर स्नान, दान, तर्पण आदि का विशेष महत्व होता है।

# बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में 76वें गणतंत्र दिवस का भव्य और हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** गौरवमयी गणतंत्र की 76 वीं वर्षगांठ को बियानी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रगान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एस. एन. काबरा (समाज सेवी), गेस्ट ऑफ़ ऑनर के रूप में पवन बालोटिया, अरविन्द गोटेवाला, मीनू गोटेवाला प्रदीप, एन सी सी यूनिट कमांडर और बियानी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस के चेयरमैन डॉ राजीव बियानी, ऐकडेमिक डायरेक्टर डॉ संजय बियानी, डॉ ध्यान सिंह गोठवाल उपस्थित रहे। डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने सभी को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि स्वतन्त्र और गणतंत्र भारत में जन्म लेना गौरव का विषय है। हमारा हिन्दुस्तान ज्ञान के लिए विश्व में जाना जाता है। डॉ. बियानी ने कहा कि भारत तभी समृद्ध होगा जब युवा अपने सपनों को साकार करने के लिए स्टार्टअप्स शुरू करेंगे और उद्यमिता को अपनाएंगे। एंटरप्रेन्योरशिप न केवल व्यक्तिगत प्रगति का मार्ग है, बल्कि यह देश की प्रगति और आत्मनिर्भरता का आधार भी है। मुख्य अतिथि एस. एन काबरा ने कहा कि हमें अपने राष्ट्रभक्तों का त्याग, बलिदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए। इनके अलावा गेस्ट ऑफ ऑनर पवन बालोटिया, एनसीसी के यूनिट हेड कमांडर प्रदीप, ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम समापन पर डीन, स्टूडेंट वेलफेयर सुमेधा बाजपेयी जी ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## रंधावा की उपस्थिति में मनाया गणतंत्र दिवस



**जयपुर @ जागरूक जनता।** समर्पण संस्था के द्वारा अयोजित कार्यक्रम में एस.आर. सामाजिक संस्था की संचालिका व सामाजिक कार्यकर्ता शिम्पी रंधावा को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में और कई गणमान्य व्यक्ति मौजुद रहे। कार्यक्रम में ध्वजा रोण के बाद अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय और समानता पर विचार व्यक्त करना था।

## टीएडी छात्रावासों में वार्डन एवं कोच के लिये प्रतिनियुक्ति हेतु साक्षात्कार आज से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आयुक्त, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर द्वारा जारी संशोधित विज्ञप्ति के अनुसार विभागीय छात्रावासों में वार्डन एवं कोच के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थापन हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के चयन के लिए वॉक इन इन्टरव्यू (साक्षात्कार) 29 जनवरी से 12 फरवरी 2025 तक आयोजित किये जा रहे हैं। विभाग के अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र चौधरी ने बताया कि साक्षात्कार हेतु आवेदनकर्ता द्वारा जिस जिले के छात्रावास हेतु आवेदन किया गया है, उनसे संबंधित जिला/संभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जयपुर अजमेर, भरतपुर, कोटा से सम्पर्क कर एवं आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ संबंधित स्थल पर निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। साक्षत्कार स्थान, दिनांक एवं समय का विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट www.tad.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

# एनआई के एलुमनाई की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की एलुमनाई एसोसिएशन की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में एलुमनाई एसोसिएशन के संरक्षक प्रो. संजीव शर्मा, कुलपति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, प्रो. सुनील कुमार यादव, अध्यक्ष, डॉ भानु प्रताप सिंह सचिव, डॉ गुलाब पमनानी उपाध्यक्ष, डॉ धर्मेंद्र चौधरी संयुक्त सचिव, डॉ मोहर पाल मीणा कोषाध्यक्ष, डॉ अजय साहू कानूनी सलाहकार के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. शर्मा ने नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए संस्थान से आयुर्वेद चिकित्सा में अध्ययन करने के बाद आज देश और विदेश में आमजन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे चिकित्सक संस्थान का गौरव ओर पहचान है। संस्थान की एलुमनाई एसोसिएशन हमेशा की तरह सभी के मिलने के लिए कार्यर्# मों और गतिविधियों का आयोजन करती रहेगी। एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. सुनील यादव ने कहा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की नवगठित कार्यकारी के सभी सदस्य मिलकर संस्थान की एलुमनाई के लिए कई कार्यर# मों और गतिविधियों का आयोजन करेंगे। संस्थान की एलुमनाई के आयुर्वेद चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र का अनुभव ओर सहयोग का लाभ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को मिल सके इस दिशा में भी कार्यक्रमों का आयोजन करने का प्रयास रहेगा।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर हुए मांगलिक आयोजन, श्योर वेल हेल्थ इंस्टीट्यूट बना आस्था का केंद्र



**जयपुर @ जागरूक जनता।** अयोध्या में राम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर स्वास्थ सेवाओं की अग्रणी संस्था श्योर वेल हेल्थ एंड साइंस में मांगलिक आयोजन किए गए। संस्थान के डॉ आलोक गुप्ता और डॉ नितिन शारदा भगेरिया ने इस शुभ अवसर के बारे में बात करते हुए कहा राम लला की प्राण प्रतिष्ठा भारत की जन जन की आस्था की प्रतीक है और उनके संस्थान ने प्रतिवर्ष इस दिन पर उत्सव आयोजित करने का निर्णय गत वर्ष ही ले लिया था। आज इस शुभ अवसर पर संस्थान में हवन के पश्चात सभी कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को प्रसादी भी करवाई गई। गौरतलब है श्योर वेल हेल्थ इंस्टीट्यूट पैरामेडिकल शिक्षण एवं स्वास्थ जांच में जिले में अग्रणी संस्थान में शुमार हो चुका है।

## शर्मा ज्योतिष विस्तार के लिए सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** इंजीनियर कुलदीप शर्मा वैदिक ज्योतिषी और केपी विशेषज्ञ ने ब्रिज फ्यूचर प्वाइंट द्वारा दिल्ली के होटल मेट्रो व्यू करोल बाग में आयोजित वास्तु न्यूमेरो वर्कशॉप में भाग लिया और उन्हें ज्योतिष विस्तार और विकास में उनके योगदान के लिए पंडित ब्रिज भूषण शर्मा द्वारा उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## भारत वर्ष की खुशहाली व आर्थिक समृद्धि के लिए हुआ महाआरती का आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** समाजसेवी पवन गौड़ ने बताया 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर लक्ष्मीनारायणपुरी स्थित श्री सीताराम मंदिर के महंत गिरधारी जी महाराज के सानिध्य में तिरंगे की झांकी सजाई गई। महिलाओ, पुरुषों व बच्चो ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। 501 दीपकों से महाआरती की गई और सेंकडो भक्तों को लख्खी पोषबड़ा दोना प्रसादी वितरण की गई। कार्यक्रम में रामबाबू बड़ाया, लल्लू प्रसाद जांगिड़, अशोक बड़ाया, घनश्याम जांगिड़, शेलेश बड़ाया, महेश शर्मा, अजय बड़ाया, अभिषेक, वासु, वैभव, निशांत, रिदम, डॉ. हेमलता, सीमा खंडेलवाल, डॉ प्रतिभा शर्मा, रेखा बड़ाया, रेखा शर्मा, मानसी शर्मा, आदि महिलाओं ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। योगगुरु रीना गौड़ भी कार्यक्रम में शामिल हुई।

## संस्कार भवन में मनाया गणतंत्र दिवस



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुहाना रामपुरा रोड स्थित संस्कार भवन में छहत्तर वें गणतंत्र दिवस पर अगणी ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन्स का भव्य समारोह ध्वजारोहण राष्ट्रगान जयघोष मिठाई वितरण तथा मुख्य अतिथि यशपाल यश का ओजस्वी उद्बोधन हुआ। प्राचार्य डॉ.हितेश गौतम एवं डॉ मनमीत सिंह वैंस कृष्ण कुमार सोनी प्रिया शर्मा श्रेयांस सक्सेना लवकुश आचार्य गण तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। यश ने ओजस्वी उद्बोधन में भारत की आजादी के लिए बलिदानी शहीदों को स्मरण करते हुए जनता का जनता के द्वारा जनता के लिए शासन वनाए रखने हेतु संकल्पित रहने का आव्हान किया।

## श्रीराम जन सेवा समिति ने मनाया गणतंत्र दिवस



**जयपुर @ जागरूक जनता।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शाहिद मंगेश सिंह पार्क न्यू कॉलोनी सत्य नगर झोटवाड़ा में हर वर्ष की भांति गणतंत्र दिवस पर पूर्व सैनिकों और गणमान्य लोगों के द्वारा झंडारोहण किया गया जिसमें श्री राम जन सेवा समिति अध्यक्ष अजीत कुमार शर्मा ने बताया की सामाजिक कार्यों के लिए (वरिष्ठ सम्मान पत्र) दिया गया। सेना से रिटायर अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया , कैप्टन रामचंद्र, उद्धव सिंह, किशोर सिंह और गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया।

## पंडित श्री कृष्णा शर्मा गणतंत्र दिवस 2025 पर सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** चौगान स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2025 में ज्योतिर्विद पंडित श्रीकृष्णा शर्मा को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया उनके साथ लोकसभा सांसद श्रीमती मंजू शर्मा तथा जिला कलेक्टर जयपुर ने भी शिरकत की । पंडित शर्मा को इससे पूर्व भी ज्योतिष एवं गौ सेवा के लिए अनेक अवॉर्डों से नवाजा जा चुका है।

## परशुराम भवन में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा विद्याधर नगर सेक्टर-4 के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर ओमप्रकाश चोटिया कार्यकारी अध्यक्ष राजस्थान ब्राह्मण महासभा ने बड़ी संख्या में उपस्थित ब्राह्मण बंधुओं के बीच परशुराम परिसर में झंडारोहण किया। इस अवसर पर महासभा के कई पदाधिकारी एवं वरिष्ठजन उपस्थित थे। जिनमें प्रमुख रूप से एस.के. शर्मा, रामानुज शर्मा, सत्य नारायण शर्मा, पी.डी. शर्मा, शिव दयाल मिश्रा, गोपाल प्रसाद शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, राहुल शर्मा नन्द किशोर शर्मा, ममता शर्मा एवं रवि शंकर शर्मा उपस्थित थे। वहीं राजस्थान गौड़ ब्राह्मण महासभा से पंकज पंचलंगिया ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर वक्ताओं ने वर्तमान परिपेक्ष्य में अपने विचार प्रकट किए और ब्राह्मण समाज को विशेषतौर पर युवाओं को जागृत करने पर जोर दिया।

## महाकुंभ रचेगा इतिहास : मौनी अमावस्या से पहले करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे, हर ओर भीड़

# अमृत स्नान आज, 10 करोड़ के स्नान करने का अनुमान

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**प्रयागराज**

प्रयागराज में सनातनी आस्था के महापर्व महाकुंभ में रोजाना लाखों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा रहे हैं। महाकुंभ में भीड़ लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही हैं। बुधवार (29 जनवरी) को मौनी अमावस्या से पहले ही प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शनिवार और रविवार की छुट्टी का असर साफ देखने को मिला। सोमवार को रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और हाइवे पर श्रद्धालुओं का सैलाब देखा गया।

मौनी अमावस्या के स्नान से पहले ही करोड़ों लोग यहां पहुंच रहे हैं। लाखो की भीड़ पैदल चलती चली जा रही है। कुंभ मेले में प्रवेश करते ही भीड़ इतनी बढ़ रही है कि लोग एक-दूसरे से टकरा-टकरा कर चलने को मजबूर है। सोमवार को कुम्भ में आने वाले लोगों की भीड़ देखकर साफ है कि मौनी अमावस्या के स्नान पर 8-10 करोड़ लोगों की भीड़ आएगी।




## गृह मंत्री अमित शाह ने लगाई आस्था की डुबकी, किए बड़े हनुमान और अक्षयवट के दर्शन



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को महाकुंभ पहुंचे और डुबकी लगाई। उनके साथ सीएम योगी, जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि और योग गुरु बाबा रामदेव ने भी संगम में स्नान किया। योगी और संतों ने शाह पर पानी डाला। करीब 10 मिनट तक संगम स्नान किया। शाह को संतों ने मंत्रोच्चार के बीच आचमन कराया। इस दौरान सीएम योगी ने रामदेव के साथ योग किया। स्नान के बाद शाह ने संगम पर परिवार के साथ पूजा की। इसके बाद शाह अक्षयवट पहुंचे। यहां से स्वामी अवधेशानंद के आश्रम में पहुंचे और भोजन किया। शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटा जय शाह, बहू रिशिता, दोनों पोतियां और नवजात पोता भी महाकुंभ आए।

## नगर पालिका पिण्डवाड़ा

जिंदगी को हाँ, नशे को ना कहे!

**मानस अभियान**

(Mission Against Narcotic Abuse in Society)

**आमजन से अपील**

- मैं मानस अभियान के अन्तर्गत शपथ लेता/लेती हूं कि मैं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन या उपयोग नहीं करता हूं/करती हू साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन या उपयोग नहीं करूंगा/करूंगी।
- मैं इस सत्य के साथ अवगत हूं कि नशीले पदार्थों की आदत के कारण वर्तमान में सभी आयु वर्ग के व्यक्ति पीड़ित हो रहे हैं इनकी आदत, आचरण एवं व्यवहार से समाज का वातावरण विकृत एवं दूषित हो रहा हैं इसलिए मैं प्रण करता हूं/करती हू कि मैं अपने संगरिया एवं समाज को नशा मुक्त बनाने में मदद करूंगा/करूंगी।
- मैं इस अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक व्यक्तियों को जोड़ने हेतु प्रेरित करूंगा/करूंगी मैं संकल्प लेता हूं/लेती हूं कि नशे की सभी प्रकार की नशीली सामग्रियों का बहिष्कार करते हुए इनका उपयोग को नकारते हुए नशे की आदत को समाप्त करने का आहवान करूंगा/करूंगी।
- इस अभियान में अपनी सक्रिय सशक्त भूमिका से एक स्वस्थ्य समाज के निर्माण में अपना योगदान एवं सहयोग प्रदान।
- अपने गली मौहल्लों को साफ सुथरा रखे।
- कचरा, कचरा पात्रों में ही डालें।
- वातावरण प्रदूषित न हो इसका ध्यान रखें।
- पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण करें एवं इन पौधों की नियमित देखभाल करें।
- नगर को स्वच्छ व साफ सुथरा रखने में नगरपालिका का सहयोग करें।
- राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठावें।

**महेन्द्र राजपुरोहित**
अधिशाषी अधिकारी

**नरेंद्र जांगिड़**
प्रशासक

## नगर पालिका माउंट आबू

जिंदगी को हाँ, नशे को ना कहे!

**मानस अभियान**

(Mission Against Narcotic Abuse in Society)

**आमजन से अपील**

- मैं मानस अभियान के अन्तर्गत शपथ लेता/लेती हूं कि मैं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन या उपयोग नहीं करता हूं/करती हू साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन या उपयोग नहीं करूंगा/करूंगी।
- मैं इस सत्य के साथ अवगत हूं कि नशीले पदार्थों की आदत के कारण वर्तमान में सभी आयु वर्ग के व्यक्ति पीड़ित हो रहे हैं इनकी आदत, आचरण एवं व्यवहार से समाज का वातावरण विकृत एवं दूषित हो रहा हैं इसलिए मैं प्रण करता हूं/करती हू कि मैं अपने संगरिया एवं समाज को नशा मुक्त बनाने में मदद करूंगा/करूंगी।
- मैं इस अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक व्यक्तियों को जोड़ने हेतु प्रेरित करूंगा/करूंगी मैं संकल्प लेता हूं/लेती हूं कि नशे की सभी प्रकार की नशीली सामग्रियों का बहिष्कार करते हुए इनका उपयोग को नकारते हुए नशे की आदत को समाप्त करने का आहवान करूंगा/करूंगी।
- इस अभियान में अपनी सक्रिय सशक्त भूमिका से एक स्वस्थ्य समाज के निर्माण में अपना योगदान एवं सहयोग प्रदान।
- अपने गली मौहल्लों को साफ सुथरा रखे।
- कचरा, कचरा पात्रों में ही डालें।
- वातावरण प्रदूषित न हो इसका ध्यान रखें।
- पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण करें एवं इन पौधों की नियमित देखभाल करें।
- नगर को स्वच्छ व साफ सुथरा रखने में नगरपालिका का सहयोग करें।
- राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठावें।

**शिवपाल सिंह राजपुरोहित**
आयुक्त

**गौरव रविन्द्र सालुखे**
प्रशासक

## 30 जनवरी को मनाया जाएगा शहीद दिवस

**मौन संकेत का ट्रायल टेस्ट आज**

### सुबह 11 बजे रखा जाएगा 2 मिनट का सामूहिक मौन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर 30 जनवरी का प्रतिवर्ष शहीद दिवस मनाया जाता है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 जनवरी को सुबह 11 बजे 2 मिनट का सामूहिक मौन रखा जाएगा। शहीद दिवस को साइरनों द्वारा ध्वनि प्रसारण द्वारा 2 मिनट के मौन संकेत प्रसारित किये जाएंगे। जिसके बाद जिले में सामूहिक मौन रखा जाएगा। सामूहिक मौन के सफल आयोजन के लिए 29 जनवरी को सुबह 10 बजकर 59 मिनट पर सायरन बजाकर मौन संकेत का ट्रायल टेस्ट किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा मौन संकेत प्रसारण के लिए जिले के 8 स्थानों पर 10 सायरनों प्रयोग किया जाएगा। पहला सायरन सुबह 10 बजकर 59 मिनट 15 सैकेण्ड पर बजेगा, जिससे मौन रखने की शुरूआत की जाएगी। 2 मिनट का मौन समाप्त होने पर 11 बजकर 02 मिनट पर मौन समाप्ति संकेत के लिए दूसरी बार सायरन बजाया जाएगा।

## विकल्प इंडिया सोसायटी ने मनाया तंबाकू मुक्त जागरूकता कार्यक्रम



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चित्तौड़गढ़ एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ (एनटीसीपी) एवं विकल्प इंडिया सोसाइटी जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में चित्तौड़गढ़ जिले के ब्लॉक राशमी, गंगरार, निंबाहेड़ा, कपासन, भूपालसागर, भदेसर, डूंगला, चित्तौड़गढ़, बड़ीसादड़ी, बेगू, रावतभाटा क्षेत्र में निजी एवं राजकीय विद्यालयों में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यर म के अंतर्गत तंबाकू मुक्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को तंबाकू व धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी तथा तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के विषय में स्लाइड प्रजेंटेशन से अवगत कराया जा रहा है जिले के विद्यालयों में सोसायटी द्वारा बैनर, पंपलेट वितरण एवं चस्पा कर शिक्षण परिसर में 100 गज की परिधि क्षेत्र में तंबाकू विर य एवं सेवन को कानूनी अपराध मानते हुए 200 के जुर्माने का प्रावधान हेतु संदेश देकर अवगत कराया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ-साथ निबंध प्रतियोगिता एवं तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई जा रही है। सोसायटी के अध्यक्ष संजय कटारा द्वारा बताया गया क्षेत्र में सोसाइटी के प्रतिनिधि बतौर गौरव कुमार मिश्रा , दिनेश एवम सतीश कुमार उक्त कार्यर मों का संचालन कर रहे हैं विद्यार्थियों को बैग व प्रमाण पत्र तथा अन्य विद्यार्थियों को पारितोषिक के रूप में पेन पैंसिल इरेजर सॉपनर आदि का वितरण किया गया।कोटप्पा अधिनियम 2003 के बारे में जानकारी दी गई।कार्यर म के आयोजन में बच्चो ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया साथ ही विधार्थी भविष्य में तंबाकू उत्पादों का सेवन न करने सभी को इनके दुष्प्रभावों को समझाने हेतु प्रयास करेंगे।

## नगर परिषद- सिरोही

जिंदगी को हाँ, नशे को ना कहे!

**मानस अभियान**

(Mission Against Narcotic Abuse in Society)

**आमजन से अपील**

- मैं मानस अभियान के अन्तर्गत शपथ लेता/लेती हूं कि मैं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन या उपयोग नहीं करता हूं/करती हू साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन या उपयोग नहीं करूंगा/करूंगी।
- मैं इस सत्य के साथ अवगत हूं कि नशीले पदार्थों की आदत के कारण वर्तमान में सभी आयु वर्ग के व्यक्ति पीड़ित हो रहे हैं इनकी आदत, आचरण एवं व्यवहार से समाज का वातावरण विकृत एवं दूषित हो रहा हैं इसलिए मैं प्रण करता हूं/करती हू कि मैं अपने संगरिया एवं समाज को नशा मुक्त बनाने में मदद करूंगा/करूंगी।
- मैं इस अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक व्यक्तियों को जोड़ने हेतु प्रेरित करूंगा/करूंगी मैं संकल्प लेता हूं/लेती हूं कि नशे की सभी प्रकार की नशीली सामग्रियों का बहिष्कार करते हुए इनका उपयोग को नकारते हुए नशे की आदत को समाप्त करने का आहवान करूंगा/करूंगी।
- इस अभियान में अपनी सक्रिय सशक्त भूमिका से एक स्वस्थ्य समाज के निर्माण में अपना योगदान एवं सहयोग प्रदान।
- अपने गली मौहल्लों को साफ सुथरा रखे।
- कचरा, कचरा पात्रों में ही डालें।
- वातावरण प्रदूषित न हो इसका ध्यान रखें।
- पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण करें एवं इन पौधों की नियमित देखभाल करें।
- नगर को स्वच्छ व साफ सुथरा रखने में नगरपालिका का सहयोग करें।
- राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठावें।

**शिवपाल सिंह राजपुरोहित**
आयुक्त

**डॉ. दिनेश राय सापेला**
प्रशासक

## नगर पालिका आबूरोड

जिंदगी को हाँ, नशे को ना कहे!

**मानस अभियान**

(Mission Against Narcotic Abuse in Society)


**आमजन से अपील**

- मैं मानस अभियान के अन्तर्गत शपथ लेता/लेती हूं कि मैं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन या उपयोग नहीं करता हूं/करती हू साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन या उपयोग नहीं करूंगा/करूंगी।
- मैं इस सत्य के साथ अवगत हूं कि नशीले पदार्थों की आदत के कारण वर्तमान में सभी आयु वर्ग के व्यक्ति पीड़ित हो रहे हैं इनकी आदत, आचरण एवं व्यवहार से समाज का वातावरण विकृत एवं दूषित हो रहा हैं इसलिए मैं प्रण करता हूं/करती हू कि मैं अपने संगरिया एवं समाज को नशा मुक्त बनाने में मदद करूंगा/करूंगी।
- मैं इस अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक व्यक्तियों को जोड़ने हेतु प्रेरित करूंगा/करूंगी मैं संकल्प लेता हूं/लेती हूं कि नशे की सभी प्रकार की नशीली सामग्रियों का बहिष्कार करते हुए इनका उपयोग को नकारते हुए नशे की आदत को समाप्त करने का आहवान करूंगा/करूंगी।
- इस अभियान में अपनी सक्रिय सशक्त भूमिका से एक स्वस्थ्य समाज के निर्माण में अपना योगदान एवं सहयोग प्रदान।
- अपने गली मौहल्लों को साफ सुथरा रखे।
- कचरा, कचरा पात्रों में ही डालें।
- वातावरण प्रदूषित न हो इसका ध्यान रखें।
- पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण करें एवं इन पौधों की नियमित देखभाल करें।
- नगर को स्वच्छ व साफ सुथरा रखने में नगरपालिका का सहयोग करें।
- राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठावें।

**दीपिका वीरवाल**
अधिशाषी अधिकारी

**मदनदान चारण**
अध्यक्ष, नगर पालिका आबूरोड

## धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**सिरोही @ जागरूक जनता।** ग्राम पंचायत अचपुरा के राजस्व ग्राम कासिंद्रा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कासिंद्रा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह शिखर 2025 का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया संस्था प्रधान महेंद्र बाजिया ने बताया कि समारोह में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कांतिलाल पुरोहित, ग्राम पंचायत अचपुरा सरपंच बालकी देवी गरासिया, अमर सिंह देवल,मोहब्बत राम पुरोहित, भामाशाह हितेंद्र सिंह देवल, अमृतलाल पुरोहित, अणदाराम गरासिया, प्रभुराम मीणा एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे समारोह में भामाशाहो, अतिथियों व पूर्व छात्रों का माला साफा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया साथ ही कांतिलाल पुरोहित और संस्था के समस्त शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम वासियों द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नृत्य गायन एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया स्थानीय विद्यालय के शिक्षक हमीर सिंह, अमृतलाल, अर्जुन राम, जितेंद्र सिंह, पुनाराम, भीमाराम, देवी देवासी ने कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग दिया संस्था प्रधान महेंद्र बाजिया ने आगंतुक सभी मेहमानों का हार्दिक आभार प्रकट किया।

### बीजल गांव में 4 फरवरी से 17वां पंचकुंडीय रुद्र महायज्ञ

# 7 दिनों तक गूंजेंगा 'स्वाहा', नर्मदा मां का होगा गुणगान

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**बीजलगांव-खातेगांव (मप्र)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां नर्मदा की जयंती अवसर पर माघ शुक्ला सप्तमी 4 फरवरी से 17वां पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जो 10 फरवरी तक चलेगा। महायज्ञ के साथ मां नर्मदा की गोद में ही नर्मदा पुराण कथा वाचन भी होगा। मां नर्मदा मंदिर आश्रम संचालक महाराज ब्रह्मचारी शिवानंद महाराज लोदड़ी वालों के सान्निध्य में आयोजित होने वाले महायज्ञ में वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा शास्त्रोक्त विधि से मंत्रोच्चारण से यज्ञ होगा। शिवानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि इस दौरान 4 फरवरी को प्रातः 9 बजे मां नर्मदा तट पर पार्थिव शिवलिंग का 251 किलो दूध से सहस्त्र धारा दुग्धाभिषेक हेमाद्रि स्नान, कलश यात्रा, मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापना, मां नर्मदाजी का पूजन, चुनरी यात्रा के बाद नर्मदा पुराण कथा प्रारंभ होगी। सायंकाल मां नर्मदा की तीर पर 1108 दीपक जलाकर सामूहिक दीपदान कार्यक्रम होगा। सात दिनों तक लगातार यज्ञ एवं कथा वाचन कार्यक्रम के बाद माघ सुदी 13 सोमवार 10 फरवरी को पूर्णाहुति, महाआरती एवं विशाल भंडारा होगा। रुद्र महायज्ञ के आचार्य पं. शिवप्रसाद पंडा इकलेरा वाले होंगे, वहीं नर्मदा पुराण का वाचन पं. कृपाशंकर सारस्वत करेंगे। यज्ञ में यजमान गेंदालाल पटेल ग्राम रेहमानपुर, अखिलेश मीणा, ग्राम कोलारी, संजय मीणा ग्राम बावड़ी खेड़ा, लक्ष्मीनारायण मीणा ग्राम बीजलगांव एवं नर्मदाप्रसाद मीणा ग्राम कोलारी होंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष मां रेवा के आशीर्वाद से होने वाले कार्यक्रम में दुर्गा मेटल्स हरदावालों की तरफ से मां नर्मदा को चुनरी ओढ़ाई जाएगी। महा रुद्रयज्ञ देखने एवं नर्मदा पुराण सुनने के लिए मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात के अलावा देश के अन्य भागों से भी श्रद्धालु उपस्थित होते हैं।

### भारतीय तटरक्षक बल के 49वें स्थापना दिवस समारोह

# 'सेंटिनल्स ऑफ द सी - सरहद से समंदर' रैली ने दिया ग्रामीण भारत जुड़ाव का संदेश



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जैसलमेर।** भारतीय तटरक्षक बल के 49वें स्थापना दिवस समारोह के तहत, 'सेंटिनल्स ऑफ द सी - सरहद से समंदर' मोटरसाइकिल अभियान को 27 जनवरी को जैसलमेर से ब्लैक चार्जर ब्रिगेड के ब्रिगेड कमांडर द्वारा ध्वज दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली शाम तक जोधपुर पहुंची और अपनी यात्रा के दौरान ग्रामीण भारत से जुड़ाव को प्रोत्साहित किया।

उप समादेशक गौरव आचार्य के अनुसार यह रैली भारत सरकार की विभिन्न पहलों जैसे 'एक पेड़ माँ के नाम', 'बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ', 'स्वच्छ भारत अभियान' और अन्य अभियानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है, विशेष रूप से ग्रामीण और उपनगरीय क्षेत्रों में। साथ ही, स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल के जीवन, उसके मूल्यों और पुरुषों व महिलाओं के लिए समान अवसरों की जानकारी साझा की जा रही है। यह युवाओं को सशस्त्र बलों को करियर के रूप में चुनने के लिए प्रेरित करेगा। यह मोटरसाइकिल रैली केवल एक यात्रा नहीं है, बल्कि यह जुड़ने, प्रेरित करने और सशक्त बनाने का एक आंदोलन है।

### कासिंद्रा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

# उत्साह से मनाया शिखर 2025



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पिंडवाडा सिरोही।** ग्राम पंचायत अचपुरा के राजस्व ग्राम कासिंद्रा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कासिंद्रा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह शिखर 2025 का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया संस्था प्रधान महेंद्र बाजिया ने बताया कि समारोह में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कांतिलाल पुरोहित, ग्राम पंचायत अचपुरा सरपंच बालकी देवी गरासिया, अमर सिंह देवल,मोहब्बत राम पुरोहित, भामाशाह हितेंद्र सिंह देवल, अमृतलाल पुरोहित, अणदाराम गरासिया, प्रभुराम मीणा एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे समारोह में भामाशाहो ,अतिथियों व पूर्व छात्रों का माला साफा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया साथ ही कांतिलाल पुरोहित और संस्था के समस्त शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम वासियों द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नृत्य गायन एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया स्थानीय विद्यालय के शिक्षक हमीर सिंह,अमृतलाल, अर्जुन राम, जितेंद्र सिंह, पुनाराम, भीमाराम, देवी देवासी ने कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग दिया संस्था प्रधान महेंद्र बाजिया ने आगंतुक सभी मेहमानों का हार्दिक आभार प्रकट किया।

## मालाखेड़ा कस्बे में सुस्त प्रशासन, फैल रहा चारो तरफ चोरों का आतंक



**अलवर @ जागरूक जनता।** मालाखेडा कस्बे में पुलिस गश्त की कमी के चलते बीते दिनों कार से आए चोर एक मकान से बैंक के दस्तावेज व संदूक चुरा लें गये। इस बाबत मालाखेड़ा थाने में सुगन सैनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई और बताया कि संदूक में सोने-चाँदी के आभूषण थे व साथ में बैंक के दस्तावेज भी ले गये है। यह चोरी की सम्पूर्ण घटना पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शायद चोरों को भी इस बात का अंदाजा नहीं था। उल्लेखनीय है कि मालाखेड़ा बाईपास पर खोखो के करीब 17 ताले तोड़े गए थे। दोनों घटनाओं में पुलिस के हाथ अभी कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस की लापरवाही कस्बे मे लगातार देखने को मिल रही है। रात्रि में कोई गस्त नहीं लगाई जाती और लगाई भी जाती है तो केवल खाना पूर्ति के लिए । अगर कोई व्यापारी स्वयं के कार्य से दुकान खोल कर बैठा है तो भी उसके पास जाकर देखा नहीं जाता है की देर रात मालिक ही है या कोई चोर ।

### 12 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन, हस्ताक्षर अभियान में उमड़े हजारों लोग

# पीपाड़ जिला अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** पीपाड़ के स्थानीय जिला अस्पताल में बुनियादी सेहत सुविधाओं की भारी कमी से आम जनता परेशान है। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक, एक्स-रे मशीन, सोनोग्राफी, ब्लड बैंक और आपातकालीन प्रसूति वार्ड जैसी मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों ने उपखंड अधिकारी नेमाराम रॉयल को 12 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा है। मांगों में आपातकालीन सेवाओं का विस्तार, वार्डों में साफ-सफाई और चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं।

26 जनवरी को मुख्यमंत्री के नाम चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में हजारों नागरिकों ने भाग लिया। स्थानीय संघर्षरत युवाओं के अनुसार, पिछले तीन वर्षों से चिकित्सा विभाग की उदासीनता के कारण लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि अगर 10 दिन के भीतर समस्या का उचित समाधान नहीं हुआ तो रणनीति बनाकर पीपाड़ शहर के अंदर भूख हड़ताल के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा।




# इंजीनियर कुलदीप शर्मा वैदिक ज्योतिषी के लिए सम्मानित



**बूंदी @ जागरूक जनता।** इंजीनियर कुलदीप शर्मा वैदिक ज्योतिषी और केपी विशेषज्ञ को श्री साकेत पंचांग द्वारा हरियाली रिसॉर्ट बूंदी में उनके संस्थापक पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा द्वारा ज्योतिष में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिन्होंने आम जनता को मुफ्त परामर्श और सलाह दी और संतुष्टि के उपाय ढूंढे।

## पीएम श्री स्कूल गाढ़वाला में धूमधाम से हुआ वार्षिक खेल दिवस का आयोजन



**बीकानेर @ जागरूक जनता।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाढ़वाला में पीएम श्री वार्षिक खेल दिवस का धूमधाम से आयोजन किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम,भामाशाह सम्मान, प्रतिभा सम्मान, पूर्व छात्र सम्मान सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में हुकमचंद चौधरी राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता, शिवराज गोदारा ओएनजीसी के केमिकल इंजीनियर, मोहन राम सारण सरपंच प्रतिनिधि, गोकुल सारण पंचायत समिति सदस्य सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। संस्था प्रधान श्रवण गोदारा ने अतिथियों का स्वागत किया और नई शिक्षा नीति के तहत पीएम श्री विद्यालयों के उद्देश्य को बताते हुए नियमित शिक्षण के साथ छात्रों के समग्र विकास पर बल देने की बात कही व सभी भामाशाहों, अभिभावकों से विद्यालय के विकास में सहयोग की अपील की। साथ ही विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

# पोषक तत्वों से भरपूर फसलें है मानव स्वास्थ्य के लिए लाभकारी-डॉ तोमर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जोबनेर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय जोबनेर में आयोजित "गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री एवं बीज उत्पादन" के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा, नई दिल्ली के विभागाध्यक्ष व देश के प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक और सब्जी विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ बी एस तोमर ने विद्यार्थियों को सब्जियों की गुणवत्ता पर जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने डॉ बी एस तोमर का स्वागत किया और कहा कि इनके अनुभव से छात्रों एवं युवाओं को सब्जी बीज उत्पादन में एक नई दिशा मिलेगी।

डॉ बी एस तोमर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में मानव स्वास्थ्य में कुपोषण और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। इसे दूर करने के लिए बायोफोर्टिफाइड उत्पाद एक प्रभावी और स्थायी समाधान के रूप में उभर रहा है। बायोफोर्टिफाइड के माध्यम से पौधों और फसलों में पोषण तत्वों की मात्रा बढ़ाई जाती है, जिससे पोषण सुरक्षा में सुधार होता है जिससे स्वास्थ्य का स्तर बेहतर होता है।

बायोफोर्टिफाइड पोषण सुरक्षा को मजबूत करने और कुपोषण से लड़ने का एक अत्यंत प्रभावी तरीका है। हालांकि, इसके सफल क्रियान्वयन के लिए किसानों और उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाना और फसलों की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। अगर इस दिशा में सही कदम उठाए जाएं, तो यह तकनीक भविष्य में पोषण और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में एक बड़ा योगदान दे सकती है। बायोफोर्टिफिकेशन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें फसलों में पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाई जाती है, इसमें छात्रों / युवाओं के लिए रोजगार के असीमित अवसर हैं। इस अवसर पर डॉ डीके गोठवाल, डॉ आर पी घासोलिया व डॉ आरके नारनोलिया ने भी विद्यार्थियों को बीज उत्पादन पर जानकारी दी। इस दौरान डॉ ओपी गढ़वाल, रेडी प्रभारी डॉ बी एस बधाला व रेडी के जोबनेर सहित अन्य संघटक कृषि महाविद्यालयों के 417 उद्यमिता से जुड़े हुए विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

## न्युवोको विस्टास ने की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की प्रमुख बिल्डिंग मैटीरियल्स कंपनी ने 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही के लिए अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। अपने सभी प्लांट्स में 25 एमएमटीपीए की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत में 5वां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक है। कंपनी वडराज सीमेंट लिमिटेड के लिए सफल रेजोल्यूशन आवेदक के रूप में उभरने के बाद वित्त वर्ष 2027 की तीसरी तिमाही तक 31 एमएमटीपीए सीमेंट क्षमता प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस संबंध में आशय पत्र पहले ही जारी किया जा चुका है। वीसीएल प्लांट में कच्छ में 3.5 एमएमटीपीए क्लिंकर यूनिट और सूरत में 6 एमएमटीपीए ग्राइंडिंग यूनिट शामिल है। यह कंपनी की ग्रोथ और डायवर्सिफिकेशन की दिशा में जारी प्रयास को दर्शाती है। कंपनी की कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री मात्रा ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज करते हुए 4.7 एमएमटी पर पहुंच गई। इसी अवधि के दौरान ऑपरेशंस से कंसोलिडेटेड आय 2,409 करोड़ रुपये रहा। तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड एबिटडा 258 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के बेहतरीन प्रदर्शन को लेकर बात करते हुए, जयकुमार कृष्णा स्वामी, मैनेजिंग डायरेक्टर, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि कंपनी ने बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए मांग के अवसरों को पूरी सक्रियता के साथ प्राप्त किया है और तिमाही के दौरान मजबूत वॉल्यूम ग्रोथ दर्ज की। हाल की अवधि में मूल्य वृद्धि एक पॉजिटिव रूझान को दर्शाती है, जबकि मांग में निरंतर सुधार से कीमतों को भी समर्थन मिलना चाहिए।

## आयुर्वेद विवि एवं लक्ष्य पर्यावरण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्विविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से आयुर्वेद विश्वविद्यालय एवं लक्ष्य पर्यावरण एवं जन कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मोकलावास (केरू)में निशुल्क आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।संजीवनी चिकित्सालय अधीक्षक प्रोफेसर. गोविंद गुप्ता ने बताया कि शिविर के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वास्थ्य संवर्धन हेतु आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा की उपयोगिता के बारे में अवगत करवाना है। शिविर का मुख्य उद्देश्य सिलिकोसिस के रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जागरूकता लाना है।

### एनटीए ने की घोषणा : कभी भी जारी हो सकता है नोटिफिकेशन, उम्मीदवारों को अपार आईडी की जरूरत नहीं

# प्री-कोविड प्रारूप में आयोजित होगी नीट यूजी परीक्षा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा - यूजी के आयोजन को लेकर बड़ी खबर साझा की गई है। एनटीए की ओर से छात्रों को बताया गया है कि इस वर्ष नीट यूजी परीक्षा कोविड से पहले के प्रारूप में वापस आ जायेगा। इससे अब छात्रों को प्रश्न पत्र में कोई भी वैकल्पिक प्रश्न पत्र नहीं मिलेगा। इसके साथ ही एनटीए की ओर से कहा गया है कि अब पिछले पैटर्न के मुताबिक प्रश्न पत्र में कुल 180 प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रश्न पत्र हलकरने के लिए कुल 3 घंटेयानी की 180 मिनट का समय प्रदान किया जायेगा। कभी भी जारी सकता है एप्लीकेशन नोटिफिकेशन जो भी छात्र नीट यूजी एग्जाम की तैयारियों में लगे हैं उनके लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से नोटिफिकेशन जल्द ही जारी कर आवेदन तिथियों की घोषणा कर दी जाएगी। छात्र तय तिथियों को एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे।

### अपार आईडी जरूरी नहीं है

प्री कोविड परीक्षा पैटर्न के अलावा नेशनल टेस्टिंगएजेंसी की ओर से बताया गया है कि एग्जाम के लिए अपार आईडी भी जरूरी नहीं है। इसलिए छात्र इसे लेकर किसी भी प्रकार से भ्रमित न हों।

### पेन पेपर मोड में आयोजित होगा एग्जाम


इससे पहले एनटीए की ओर से कुछ दिन पहले पेन पेपर मोड (ओएमआर आधारित) मेंआयोजित करने की घोषणा की थी। इसके साथ ही एनटीए की पिछले वर्ष नीट यूजी एग्जाम में हुई गड़बड़ियों के बाद एनटीए की ओर से और भी बदलाव किये गए हैं। इस वर्ष नीट यूजी परीक्षा का आयोजन एक ही दिन केवल एक पाली में आयोजित की जाएगी। इससे नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया से बाहर हो जायेगा। जानकारी के लिए, उम्मीदवार 011-40759000 पर भी संपर्क कर सकते हैं या neetug2025@nta.ac.in पर ईमेल कर सकते हैं। उम्मीदवार आगे की अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट neet.nta.nic.in देख सकते हैं।"

## आबकारी आयुक्त ने किया ध्वजारोहण



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** गणतंत्र दिवस आबकारी भवन उदयपुर राजस्थान में उत्साह, उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयुक्त शिवप्रसाद एम नकाते ने आबकारी भवन मुख्यालय परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया। समारोह में आबकारी निरोधक दल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर एवं सलामी दी गई। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। समारोह में आयुक्त नकाते ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत, वित्तिय सलाहकार सुनीता विजय, मुख्य लेखाधिकारी जीएल जाट सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## विधायक आक्या ने कार्यालय पर फहराया झण्डा



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** गणतंत्र दिवस पर विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने मुधवन स्थित विधायक कार्यालय पर प्रातः झण्डारोहण कर क्षेत्रवासियो को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर भरत जागेटिया, शैलेन्द्र झंवर, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, सुदर्शन रामपुरिया, रामचन्द्र गुर्जर, मुन्नालाल गुर्जर, चुन्नीलाल माली, गिरीश दिक्षीत, गोपाल जाजु, विनित तिवारी, पिंटु मोदी, बहादुर बैरवा, राजन माली, अनिल भटनागर, राजेश पोखरना, सत्यनारायण वैष्णव, गोपाल धाकड़, दिलीप धाकड़, संजय सिसोदिया, नीरज सुखवाल, पंकज सेन, रेणु मिश्रा, रेखा शक्तावत, प्रेम कुमावत, गोपाल भांबी, राजकुमार सोनी, आकाश वर्मा, राजेश शर्मा, योगेश आसनानी, रामबक्ष कीर, जगदीश मण्डोवरा, प्रकाश जाट, देवीलाल गाडरी, रमेश रामचंदानी, राजेश मोची सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## घर मंगवाये जागरूक जनता

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ..........................................................................

पता : ..........................................................................

..........................................................................

फोन .................................................. पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि (रुपए) ........................................ बैंक का नाम ................................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ..................................................रसीद क्रं. ......................

दिनांक ..................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
सकारात्मक हिन्दी अखबार
बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886




# 31 जनवरी से शुरू होगा बजट सत्र, संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** भारतीय संसद के बजट सत्र की तारीख सामने आ गई है। बजट सत्र की शुरुआत आगामी 31 जनवरी की तारीख से होने जा रही है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को संसद को दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा को संबोधित करेंगी। आपको बता दें कि संसद के बजट सत्र के दो भाग होंगे। बजट सत्र का पहला भाग 31 जनवरी 2025 से शुरू होगा और 13 फरवरी 2025 को समाप्त होगा। वहीं, बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च 2025 से शुरू होगा और 4 अप्रैल 2025 को समाप्त होगा।

# प्रधानमंत्री उत्कृष्टता अवार्ड 2024 के आवेदन शुरू

**जयपुर @ जागरूक जनता।** देशभर में सिविल सेवकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट और अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए केंद्रीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उत्कृष्टता अवार्ड–2024 प्रदान किया जाएगा। इस अवार्ड के लिए ऑन-लाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। आवेदन की अंतिम तिथि 14 फरवरी 2024 निर्धारित की गई है। प्रशासनिक सुधार विभाग के संयुक्त शासन सचिव निकया गोहाएन ने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों से उनके विभागों द्वारा संचालित प्रोजेक्ट्स से संबंधित निर्धारित श्रेणी में आवेदन मांगे गये। ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण करवा कर और निर्धारित श्रेणियों के अनुसार प्रस्ताव/प्रोजेक्ट के ऑन-लाइन आवेदन मांगे गए है।




गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
ग्राम पंचायत-नया सनवाड़ा
अपील
पॉलीथीन का उपयोग न करें। वृक्षारोपण करें। ग्राम पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं करें। पानी की बचत करें। डेंगू के प्रकोप से बचने के लिए ग्राम को स्वचछ रखें। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। वोटर आईडी से आधार नम्बर लिंक, जनआधार से बैंक खाता लिंक, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अवश्य बनायें।
कालूराम देवासी – उपसरपंच
अलका रावल – सरपंच
नैनाराम लोहार – ग्रा.वि. अधिकारी
समस्त वार्ड पंच एवं ग्रामवासी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
ग्राम पंचायत-भावरी
अपील : पॉलीथीन का उपयोग न करें। वृक्षारोपण करें। ग्राम पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं करें। पानी की बचत करें। डेंगू के प्रकोप से बचने के लिए ग्राम को स्वचछ रखें। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। वोटर आईडी से आधार नम्बर लिंक, जनआधार से बैंक खाता लिंक, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अवश्य बनायें।
मगनी देवी कलबी – सरपंच
प्रवीण कुमार बंसल – उपसरपंच
जितेन्द्र सिंह – ग्रा.वि. अधिकारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
ग्राम पंचायत अजारी
अपील
पॉलीथीन का उपयोग न करें। वृक्षारोपण करें। ग्राम पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं करें। पानी की बचत करें। डेंगू के प्रकोप से बचने के लिए ग्राम को स्वचछ रखें। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। वोटर आईडी से आधार नम्बर लिंक, जनआधार से बैंक खाता लिंक, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अवश्य बनायें।
हितेष उर्फ मनीष रावल – उपसरपंच
लीला देवी – सरपंच
नीरू मीणा – ग्रा.वि. अधिकारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
ग्राम पंचायत वाटेरा
अपील : पॉलीथीन का उपयोग न करें। वृक्षारोपण करें। ग्राम पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं करें। पानी की बचत करें। डेंगू के प्रकोप से बचने के लिए ग्राम को स्वचछ रखें। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। वोटर आईडी से आधार नम्बर लिंक, जनआधार से बैंक खाता लिंक, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अवश्य बनायें।
खेताराम भील – उपसरपंच
श्रीमती सविता देवी – सरपंच
राजेश कुमार – ग्रा.वि. अधिकारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
ग्राम पंचायत-झाड़ोली
अपील
पॉलीथीन का उपयोग न करें। वृक्षारोपण करें। ग्राम पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं करें। पानी की बचत करें। डेंगू के प्रकोप से बचने के लिए ग्राम को स्वचछ रखें। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। वोटर आईडी से आधार नम्बर लिंक, जनआधार से बैंक खाता लिंक, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अवश्य बनायें।
सरपंच – कैलाश सुथार
परबत सिंह पंवार – उपसरपंच
राहुल धनकदड़ – ग्रा.वि. अधिकारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
ग्राम पंचायत भारजा
अपील
पॉलीथीन का उपयोग न करें। वृक्षारोपण करें। ग्राम पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं करें। पानी की बचत करें। डेंगू के प्रकोप से बचने के लिए ग्राम को स्वचछ रखें। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं। सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। वोटर आईडी से आधार नम्बर लिंक, जनआधार से बैंक खाता लिंक, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अवश्य बनायें।
सरपंच – पुखराज प्रजापत
रघुनाथ देवासी – उपसरपंच
महेन्द्र सिंह – ग्रा.वि. अधिकारी
एवं समस्त वार्ड पंच एवं ग्रामवासी







संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039



कृषि विपणन विभाग के अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# कृषि नवाचार और प्रौद्योगिकी के उपयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने मंगलवार को राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान, जयपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कर्यक्रम का शुभारंभ किया। कृषि विपणन विभाग द्वारा विभाग में कार्यरत कृषि विपणन राज्य सेवा अधीनस्थ सेवा तथा राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड में कार्यरत अधिकारियों की कार्य कुशलता एवं क्षमता में बढ़ोतरी हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण में कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को सशक्त बनाना एवं नवाचार के साथ कृषि बाजारों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जायेगा।

इस अवसर पर शासन सचिव ने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं निष्ठा से प्रशिक्षण प्राप्त करें, जिससे किसानों को योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ समय पर मिल सके। सभी प्रशिक्षणार्थी अपने-अपने विचार साझा करे, जिससे कृषकों को आ रही परेशानियों का पता चल सके और उन्हें प्रभावी कदम उठाकर समय पर दूर किया जा सके। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 'कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को सशक्त बनाना एवं नवाचार के साथ कृषि बाजारो को आगे बढ़ाना' विषय पर राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान, जयपुर में प्रथम चरण में 30 दिसम्बर से 01 जनवरी तथा द्वितीय चरण में 08 जनवरी से 10 जनवरी तक प्रशिक्षण आयोजित किये जा चुके है।

राजन विशाल ने बताया कि इन तीन दिवसीय प्रशिक्षणों में एफपीओ को मजबूत करने एवं ग्रामीण विकास में इनकी प्रासंगिकता पर जोर देने, फूड पार्कों की अवधारणा, मूल्य संवर्धन एवं निर्यात प्रोत्साहन की जानकारी, कृषि स्टार्ट-अप एवं इनोवेशन और एफपीओ के लिए मूल्य श्रृंखला विकास के सत्रो का आयोजन किया जा रहा है।

शासन सचिव ने राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान के नवाचार और उद्यमिता फेडरेशन के इन्क्यूबेशन सेन्टर में आयोजित पांच दिवसीय बूट कैम्प में प्रतिभागी स्टार्ट-अप्स को भी सम्बोधित किया। उन्होंने नवाचार एवं उद्यमिता केन्द्र में स्टार्ट-अप्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और प्रौद्योगिकी के उपयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और इस तरह के कार्यक्रमों को कृषि क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में मील का पत्थर बताया।

कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आये युवाओं व उद्यमियों ने अपनी परियोजनाओं को साझा किया और प्रशिक्षण सत्रो से लाभान्वित होने के अपने अनुभव बताये। यह बूट कैम्प स्टार्ट-अप्स के विकास और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

## जनजाति छात्रावासों में अधीक्षक एवं कोच पदों के लिए साक्षात्कार आज से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अधीन संचालित छात्रावासों में प्रतिनियुक्ति पर छात्रावास अधीक्षक एवं कोच पदों के लिए साक्षात्कार तिथि घोषित की गई है। इन रिक्त पदों पर 29 जनवरी से 12 फरवरी तक साक्षात्कार आयोजित किए जाएगे। टीएडी विभाग के अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र चौधरी ने बताया कि जिस जिले के छात्रावास हेतु आवेदन किया गया है उनसे संबंधित जिले के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद से संपर्क कर आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ संबंधित स्थल पर निर्धारित तिथि पर उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाए। जानकारी के लिए विभाग की अधिकृत वेबसाईट www.tad.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

# कृषि संस्थानों में उत्साह से मनाया गया गणतंत्र दिवस

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने सवाईमाधोपुर में फहराया तिरंगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश भर में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं कृषि विभाग और कृषि संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस की धूम रही। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने सवाईमाधोपुर में, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने पाली में, सहकारिता मंत्री गौत्तम कुमार ने चित्तौडगढ़ में, पंचायती राज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने सिरोही में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। वहीं, कृषि आयुक्त चिन्मय गोपाल ने पंत भवन, अतिरिक्त रजिस्ट्रार शिल्पी पांडे ने नेहरू सहकार भवन में, प्रबंध निदेशक



संजय पाठक ने अपेक्स बैंक में, प्रबंध निदेशक नारायण सिंह ने राजफै ड़ में, पशुपालन विभाग में निदेशक डॉ आंनद सेजरा ने ध्वजारोहण किया।

इसके अलावा काजरी में डॉ. ओपी यादव ने, राजस्थान पशु चिकित्सा विवि में कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने, एसकेआरएयू बीकानेर में कुलपति डॉ. अरूण कुमार ने, एमपीयूएटी उदयपुर में कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने, कृषि विश्वविद्यालय कोटा में डॉ. एके व्यास ने ध्वजाजरोहण किया। श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह रहे, कुलपति डॉ. बलराज सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया। अटारी जोधपुर में निदेशक डॉ जेपी मिश्रा ने, सरसों अनुसंधान निदेशालय में डॉ. पीके राय ने, अविकानगर में डॉ. एके तोमर ने, सीआईएच बीकानेर, निदेशक डॉ. जगदीश राणे और मसाला अनुसंधान केन्द्र अजमेर में निदेशक डॉ.विनय भारद्वाज और




पीजीआईवीईआर जयपुर में अधिष्ठाता डॉ. धर्म सिंह मीना ने तिरंगा फहराया। इसके अलावा कृषि विज्ञान केन्द्रों पर केन्द्र प्रभारी वैज्ञानिकों ने झंड़ारोहण किया।

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना

# प्रदेश में 22 हजार से अधिक तीर्थ यात्रियों ने लिया लाभ

उदयपुर संभाग से अब तक 2359 वरिष्ठ नागरिकों ने की तीर्थ यात्रा

वरिष्ठ नागरिकों ने 64 फ्लाईट व 27 रेलगाडियों के माध्यम से किए तीर्थ दर्शन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** राज्य सरकार के देवस्थान विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रदेश में अब तक 22 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिक विभिन्न तीर्थ स्थलों पर फ्लाईट व रेलगाडियों के माध्यम से पहुंच कर अपने आराध्य के दर्शनों का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इसी क्रम में उदयपुर संभाग से 2359 वरिष्ठ नागरिकों ने तीर्थ यात्रा का लाभ प्राप्त किया है। देवस्थान आयुक्त वासुदेव मालावत के अनुसार प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में देवस्थान विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा पूर्णतया निशुल्क है और यात्रियों को सुगम यात्रा के लिए मेडिकल सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत प्रदेश में 27 रेलगाडियों के माध्यम से 20 हजार 156 एवं 64 फ्लाईट (हवाई यात्रा) के माध्यम से 1606 यात्रियों ने तीर्थ दर्शनों का लाभ 27 जनवरी 2025 तक प्राप्त कर लिया है। इन तीर्थ स्थलों की यात्रा- देवस्थान आयुक्त वासुदेव मालावत ने बताया कि प्रदेश सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना- 2024 के तहत रेल यात्रा के माध्यम से तीर्थ स्थल क्रमशः रामेश्वरम, हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या, तिरूपति गंगासागर, कामाख्या, जगन्नाथपुरी की निशुल्क यात्रा करवाई जा रही है। इसी क्रम में हवाई यात्रा के माध्यम से पशुपतिनाथ काठमांडू की यात्रा करवाई जा रही है। 22 हजार से अधिक ने लिया योजना का लाभ- आयुक्त श्री मालावत ने बताया कि तीर्थ स्थल रामेश्वरम के लिए संचालित 9 रेलगाडियों के माध्यम से 7146,हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या के लिए संचालित 12 रेलगाडियों के माध्यम से 8768, तिरूपति के लिए 2 रेलगाडियों द्वारा 1554, गंगासागर के लिए एक रेल द्वारा 807, कामाख्या के लिए एक रेल द्वारा 770 एवं जगन्नाथपुरी के लिए 2 रेलगाडियों के माध्यम से 1471 सहित 27 रेलगाडियों द्वारा 20 हजार 516 वरिष्ठ नागरिकों ने तीर्थ दर्शनों का लाभ लिया है।

## श्री कर्ण नरेंद्र कृषि कॉलेज के दो छात्र राष्ट्रीय स्तर की भाषण प्रतियोगिता में चयनित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोबनेर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के दो मेधावी छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। छात्र प्रियांशु और छात्रा मीमांसा चलका का चयन नेशनल लेवल भाषण प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (NAAS), नई दिल्ली द्वारा आयोजित की गई थी, साथ ही राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी नई दिल्ली ने परिणाम जारी किया है। गौरतलब है कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में गुजरात और राजस्थान के 12 विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया था, लेकिन अंतिम चयन सूची में केवल श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के दो छात्रों को ही स्थान मिला। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय बल्कि सम्पूर्ण विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने बताया की चयनित दोनों छात्र 20 से 22 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृषि विज्ञान कांग्रेस में जोन 3 का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्र प्रियांशु और छात्रा मीमांसा के चयन पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं संकाय अध्यक्ष डॉ एम आर चौधरी ने कहा कि इनकी प्रतिभा से अन्य छात्र प्रेरित होंगे।

## जिला कलक्टर 30 को निंबाहेड़ा के केली मे रात्रि चौपाल में करेंगे जनसुनवाई

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़ ।** जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में 30 जनवरी (गुरुवार) को निंबाहेड़ा उपखण्ड के केली ग्राम मुख्यालय पर रात्रि चौपाल-जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा । प्रभारी अधिकारी निरीक्षण रामचंद्र खटीक ने बताया कि निंबाहेड़ा के केली मे होने रात्रि चौपाल में समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्या सुनी जायेगी तथा हाथों हाथ निस्तारण किया जायेगा ।

# श्री बालाजी महिला पी.जी.कॉलेज परिसर में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**मेहंदीपुर बालाजी।** 76वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री बालाजी महिला पी.जी. कॉलेज परिसर में ट्रस्ट द्वारा संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा 76 वीं गणतंत्र दिवस महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश पुरी द्वारा की गई। मुख्य अतिथि डॉ. राममूर्ति मीणा सहायक निदेशक (इग्नू) विशिष्ट अतिथि रामजी लाल, डॉ. विजेन्द्र शर्मा, एम.के. माथुर व इशांक बंसल आदि के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के साथ ध्वजारोहण किया गया और तिरंगे को सलामी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में संस्थानों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जो स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर शहीदों को समर्पित थी। उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। यह सम्मान विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने व उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिए गये।

उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। यह सम्मान विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने व उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिए गये। मुख्य अतिथि डॉ. राममूर्ति मीणा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए आत्मनिर्भर भारत, शिक्षा के महत्व और समाज में सकारात्मक योगदान करने पर बल दिया उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बालाजी ट्रस्ट अध्यक्ष, महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक स्तर से स्नातकोत्तर स्तर तक, संस्कृत महाविद्यालय, तकनीकी महाविद्यालय में पूर्णतया निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने हेतु। क्षेत्र की छात्राओं को अवसर प्रदान किया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा पूर्णतया निःशुल्क शिक्षा के साथ । पठन-पाठन सामग्री के अन्तर्गत पुस्तकें, बैग, गणवेश व जैकेट प्रदान करवाए जाते हैं। महाराज जी का मुख्य उद्देश्य श्री बालाजी तीर्थ धाम परिक्षेत्र की नारी शक्ति को शिक्षा प्रदान करवा कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना एवं जिस प्रकार मेहंदीपुर बालाजी धार्मिक नगरी के रूप में सर्वत्र विख्यात है ठीक उसी प्रकार शिक्षा नगरी के रूप में भी ख्याति होनी चाहिए।

इस पुनीत कार्य के लिए डॉ. मीना ने महंत महाराज का आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि श्री रामजीलाल ने ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र मे किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और अन्त में महाविद्यालय। प्राचार्य ने अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# न्युवोको सारथी पहल के माध्यम से महाकुंभ में तीर्थयात्रियों के लिये निभा रहा भागीदारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भारत के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम, महाकुंभ में अपनी भागीदारी की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। प्रयागराज में जारी महाकुंभ मेला 144 साल के चक्र के बाद होने के कारण असाधारण महत्व रखता है, जो इसे जीवन में एक बार होने वाला आयोजन बनाता है। इस साल मेले में दुनिया भर से 40 करोड़ से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। महाकुंभ पहल के हिस्से के रूप में न्युवोको सारथी, विशेष रूप से तैयार किया गया कार्यक्रम है जिसमें न्युवोको के चौनल पार्टनर्स और 10 हजार एकड़ के आयोजन परिसर में आने वाले प्रभावशाली लोगों की सहायता के लिए एक्सक्लुसिव लाउंज, ब्रांडेड ई-रिक्शा और समर्पित सहायक कर्मचारी शामिल हैं। सारथी पहल के लिए प्रतिभागियों को न्युवोको के डीलर आउटलेट पर पोस्टर पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके या इसकी सेवाओं तक पहुंचने के लिए लॉयल्टी ऐप के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि महाकुंभ मेला न्युवोको के लिए अपने भागीदारों और व्यापक कम्युनिटी के साथ जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है। भारत में गहराई से जुड़ी एक कंपनी के रूप में, हम इस ऐतिहासिक सभा की भावनाओं और सांस्कृतिक महत्व को समझते हैं। व्यक्तिगत अनुभवों और एक मजबूत ब्रांड उपस्थिति के माध्यम से, हमारा लक्ष्य अपने प्रमुख हितधारकों के साथ अपने संबंधों को बढ़ाना और बड़े पैमाने पर समुदाय द्वारा हम पर रखे गए भरोसे के लिए अपना आभार व्यक्त करना है।

भारत पर्व

खानसामों ने सिखाएं राजस्थानी व्यंजन बनाने के गुर

# राजस्थानी बावर्चियों ने लगाया देशी तड़का

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में आयोजित छह दिवसीय भारत पर्व-2025 में राजस्थान के बावर्चियों ने देशी व्यंजनों का तड़का लगा पर्व में उपस्थित दर्शकों को राजस्थानी व्यंजन बनाने के गुर सिखाए। भारत पर्व में स्थापित किये गए किचन स्टुडियो में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा पूसा संस्थान के होटल मैनेजमेंट के सहयोग से अलग-अलग राज्यों के व्यंजनों का लाइव किचन डेमोस्ट्रेशन करवाया जा रहा है। इस कड़ी में बाबुलाल और उनके भाई दो अन्य रसोइयों ने राजस्थान की दो विशेष डिशेज मिर्ची बड़ा और मावे की कचौरी बनाने का सजीव प्रदर्शन किया और उनकी रेसिपी भी विस्तार से बताई। स्टूडियों मे उपस्थित दर्शकों एवं व्यंजन प्रेमियों द्वारा सजीव प्रदर्शन में बनाए गए राजस्थानी व्यंजन को चखने के उपरांत उसकी प्रशंसा की।

राजस्थान के इन खानसामों ने अपने देशी व ग्रामीण अंदाज में मिर्ची बड़ा और मावे की कचोरी बनाने की पूरी विधि को रोचक अंदाज में दर्शाते हुए कहा कि राजस्थान में मशहूर तीज व त्यौहार के साथ ही मौसम व ऋतुओं



और आंचलिक परिवेश के अनुसार अपने खास व्यंजन बनाये जाते है तथा रेगिस्तानी प्रधान प्रदेश होने से यहाँ के खान-पान का अपना एक अलग ही जायका है।

### राजस्थानी व्यंजनों के स्वाद की धूम

भारत पर्व में लगाए गए राजस्थान के खानपान के स्टॉल पर प्रदेश के प्रमुख व्यंजन दाल बाटी चूरमा, राजस्थानी थाली, गट्टे की सब्जी, प्याज और मावे की कचौरी, बाजरे की खिचड़ी और रोटी, मूंग की दाल का हलवा, पाव भाजी जैसे व्यंजनों की खूब बिक्री हो रही है। इसके स्वाद और खुशबू से आगंतुक इन व्यंजनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

### राजस्थान पर्यटन के स्टॉल पर लगी दर्शकों की भीड़

भारत पर्व में राजस्थान पर्यटन के स्टॉल पर भारी भीड़ देखी जा रही है। स्टॉल के सामने पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न अंचलों से बुलाए गए कलाकारों द्वारा चरी नृत्य, गैर नृत्य, कठपुतली का सजीव प्रदर्शन, कच्छी घोड़ी और कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुतियां दर्शकों को अपनी ओर आकर्शित कर रही हैं। नृत्यों के आनंद में सराबोर होते हुए दर्शक कलाकारों के साथ नृत्य करते तथा सैल्फी लेते दिखाई दिए।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024: नगर परिषद की बेहतर रैंकिंग के प्रयास शुरू

# शहर की सफाई व्यवस्था देखने फील्ड में उतरे अधिकारी




**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर शहर के विभिन्न वार्डों में नव नियुक्त आयुक्त रामकिशोर मेहता के साथ परिषद अधिकारियों ने दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने वार्डों में सफाई व्यवस्था के साथ साथ गीले और सूखे कचरे के अलग अलग संग्रहण की व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही इस दौरान आमजन को भी सफाई का महत्त्व समझाते हुए गीला और सूखा कचरा अलग अलग कर आटोटीपर में डालने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें गीले और सूखे कचरे को अलग अलग कर आटोटीपर में डालने की जागरूकता के साथ साथ अधिकारियों ने सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही नगर परिषद के कर्मचारियों को भी सफाई व्यवस्था अधिक बेहतर करने के निर्देश दिए।

## देर रात मजिस्ट्रेट ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण, मूलभूत सुविधाओं को सुधारने का दिया आदेश

**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर जिला के अध्यक्ष व जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जोधपुर जिला विक्रान्त गुप्ता के निर्देशानुसार इंसाफ खान, अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति, पीपाड़ व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पीपाड़ शहर द्वारा देर रात सोमवार को न्यू बस स्टेण्ड, पीपाड़ शहर स्थित स्थायी रैन बसैरे तथा का निरीक्षण किया गया। यहां नॉर्म्स के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्दी के मध्य नजर रैन बसेरों में पर्याप्त बिस्तर, कंबल, रजाइयां आदि रहें। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। रैन बसेरों के बाहर आवश्यक स्लोगन चस्पा किए जाए। तालुका अध्यक्ष इंसाफ खान ने बताया कि भीषण सर्दी को देखते हुए खुले आसमान के नीचे रह रहे बेसहारा व्यक्तियों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रैन बसेरों का संचालन किया जा रहा है तथा माननीय रालसा जयपुर के द्वारा बेसहारा लोगों को रैन बसेरा में दाखिल कराने हेतु विशेषाभियान चलाया जा रहा है जिसमें तालुका पीपाड़ शहर में पैरा लीगल वॉलेन्टियर्स के माध्यम से खुले आसमान के नीचे रह रहे बेसहारा व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें रैन बसैरा की जानकारी देकर उनमें रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। निरीक्षण में उपखण्ड अधिकारी नेमाराम रॉयल, थानाधिकारी पीपाड़ श्यामराज सिंह चारण, अधिवक्ता सीताराम टाक, हेड कॉस्टेबल लियाकत अली, कॉस्टेबल राजूराम चौधरी, अशोक नाथ, महीपाल, सचिव रमेश लेगा, रैन बसेरा इंचार्ज रविन्द्र सिंह कच्छावाह, पीएलवी विशाल कुलदीप आदि भी उपस्थित रहें।

## गणतंत्र दिवस : दिल्ली में दिखा देश का गौरव, उदयपुर में प्रदेश की बढ़ी शान

# दुनिया ने देखा देश का जलवा



नई दिल्ली / उदयपुर @ जागरूक जनता। देश ने 76वां गणतंत्र दिवस रविवार को उत्साह के साथ मनाया। दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। सेना के तीनों स्वरूपों ने जल-थल-नभ की ताकत को साकार किया। कर्तव्य पथ पर सैन्य शक्ति और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने ध्वजारोहण किया तो मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने आयोजन को सराहा। इधर, राजस्थान का मुख्य आयोजन इस बार झीलों की नगरी उदयपुर में हुआ।



पीएम मोदी का अभिवादन



दिखी ताकत



सेना का गौरव



आए महामहिम



स्वागत आपका




संस्कृति के रंग



बढ़ाया मान



झूमे राधा-कृष्ण



महिषासुर वध




झांकियों मे मोहा

**सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री गौतम कुमार दक ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी, उल्लेखनीय सेवाओं के लिए 64 प्रतिभाओं का सम्मान**

# हर्षोल्लास से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

**चित्तौड़गढ़।** 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री गौतम कुमार दक ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। परेड कमांडर अनिल पांडे के नेतृत्व में एमबीसी, राजस्थान पुलिस, होमगार्ड सहित अलग-अलग स्कूलों की टुकड़ियों की परेड आयोजित हुई।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री दक ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे आधाभूत मूल्यों और सिंद्धांतों को याद करने करने का महत्वपूर्ण दिवस है। गणतंत्र दिवस हमारे देश की विविध संस्कृतियों एव मान्यताओं को जौड़कर नए आयाम स्थापित किए है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद संविधान सभा ने सुशासन के सटीक पहलुओं पर लगभग तीन वर्ष तक विस्तृत चर्चा की तब जाकर हमारे देश का महान आधारभूत ग्रंथ यानि हमारे संविधान की रचना की गई थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उन्हें क्रियान्वित कर लोगों के जीवन में खुशहाली लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत के लोग 2047 में विकसित राष्ट का सपना देख रहे हें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार को कम करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में पहुंच गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उज्वला योजना के माध्यम से देश की हर घर में महिलाओं को गैस कनेक्शन देकर लाभान्वित किया है। महिलाओं के लिए 11 करोड़ शौचालय बनवाकर देश में स्वच्छता का एक महौल तैयार किया है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना प्रारम्भ करके देश के करोड़ों किसानों सीधे उनके खाते में 6-6 हजार रुपए उनके खाते में जमा किए है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने एक साल में प्रदेश भर में अनेक नई योजनाए लाकर उनको धरातल पर उतारकर आमजन को राहत पहुंचाई है। उन्होंने पांच लाख युवाओं के लिए रोजगार देने की बात कही थी इस पर पहले ही वर्ष में एक लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर राजस्थान के युवाओं के लिए एक नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के माध्यम से लगभग 35 लाख करोड़ के नए एमओयू करके राजस्थान में नए उद्योग आएंगे जिससे 10 लाख युवाओं को



रोजगार मिलेगा। समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम ने माननीय राज्यपाल महोदय के संदेश का वाचन किया। समारोह में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शहर द्वारा शारीरिक व्यायाम, पीम एमश्री महात्मागांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेशन द्वारा स्पार्टस थीम, सैनिक स्कूल द्वारा जिम्नास्टिक प्रदर्शन, द संस्कार स्कूल द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति, राउप्रावि गाड़ी लोहार द्वारा पिरामिड प्रदर्शन एवं सैन्ट्रल एकेडमी स्कूल द्वारा भारत मां की उपब्धियों पर प्रदर्शन किया गया। समारोह में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद राजीविका, कृषि एवं उद्यान विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा महिला अधिकारिता विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, परिवहन विभाग, हिन्दुस्तान जिंक एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग की झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से हिन्दुस्तान जिंक तथा कृषि एवं उद्यान विभाग एवं महिला एवं बाल विकास तथा महिला अधिकारिता विभाग की झांकी तृतीय स्थान रहने पर सम्मानित किया गया। अंत में राष्टगान के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, जिला कलक्टर आलोक रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर भू.अ. रामचन्द्र खटीक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, पूर्व उप जिला प्रमुख मिठ्ठूलाल जाट, भूमि विकास बैंक अध्यक्ष बद्रीलाल जाट, प्रधान देवेंद्र कंवर सहित जनप्रतिनिधि एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गोपाल लाल जाट एवं नवीन सारथी ने किया। कार्यक्रम के दौरान सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री गौतम कुमार दक, जिला कलक्टर एवं स्थानीय विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के द्वारा 20 दिव्यांगजनों को स्कूटी का वितरण भी किया गया।

### जिला कलक्टर कार्यालय सहित सभी दफ्तरों में हुआ ध्वजारोहण

मुख्य कार्यक्रम से पूर्व जिला कलक्टर आलोक रंजन ने जिला कलक्टर आवास और जिला कलक्टर कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय पर सहायक निदेशक टी. आर. कण्डारा ने ध्वजारोहण किया। पुलिस लाईन, इसके साथ ही जिला परिषद, नगर परिषद सहित विभिन्न विभागों के कार्यालयों पर भी ध्वजारोहण किया गया।

### इनका हुआ सम्मान

राज्यमंत्री गौतम कुमार दक, जिला कलक्टर आलोक रंजन और पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कुल 64 अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों आदि को सम्मानित किया। अविष्का त्यागी, केंद्रीय विद्यालय चित्तौड़गढ़, दिशा प्रजापत, संस्कार द स्कूल चित्तौड़गढ़, तेजस्विनी ओझा, केंद्रीय विद्यालय चित्तौड़गढ़,भाविका, यु.एस. ओस्तवाल इंटरनेशनल स्कूल मंगलवाड़, काव्यराज सिंह चुण्डावत, ध्रुविशा चौधरी, विशाल एकेडमी सी. सै. स्कूल चित्तौड़गढ़, एकांश अगनानी, जगदीश चन्द्र खटीक, शारीरिक शिक्षक रा.उ.मा.वि. कचरियाखेडी, निम्बाहेडा, ललिता गाजरे, उपप्राचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय निम्बाहेडा, महेश कुमार सोनी प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, निम्बाहेड़ा,टपूर्णिमा मेहता व्याख्याता, राजकीय कन्या सीनियर माध्यमिक विद्यालय चित्तौडगढ़, गिरिश शर्मा (अन्तर्राष्ट्रीय पैरा बेडमिन्टन खिलाड़ी), सोनिका चौरड़िया, व.शा.शि., रा.उ. मा.वि. सैती चित्तौडगढ़, रतनलाल गुर्जर शारीरिक शिक्षक महात्मा गांधी विद्यालय कीरखेड़ा, रेखा चौधरी, व्याख्याता राजकीय मेजर नटवर सिंह सीनियर सैकेण्डरी विद्यालय, चित्तौड़गढ़, अशोक सैनी, पशुधन निरीक्षक, प्रभु लाल जाट, वनसंरक्षक चित्तौडगढ़, चन्द्र प्रकाश जीनगर, अधीक्षक, राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह, चित्तौडगढ़, सत्यनारायण शर्मा तहसील निम्बाहेडा, डॉ. मोहम्मद आलिम खान, चिकित्सा अधिकारी, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भादसोड़ा, राजु बुनकर, वार्ड बॉय जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा, गजेंद्र सिंह राजपुरोहित जिला आबकारी अधिकारी, राकेश पुरोहित अति मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद चित्तौड़गढ़, ओम प्रकाश विजयवर्गीय विकास अधिकारी प.स. राशमी, दुर्गा प्रसाद कुमावत, अति.वि.अ. प.स. डूंगला, पृथ्वीराज सुखवाल, सहायक कर्मचारी जिला परिषद चित्तौड़गढ़, रागिनी दशोरा, सहायक अभियंता जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षक विभाग, मोहित सिंह एवं टीम, मुकेश धाकड़ संवाददाता राजस्थान पत्रिका, श्यामप्रकाश सुखवाल, डीडी न्यूज ग्रामीण क्षेत्र, श्यामसुन्दर अग्रवाल पत्रकार दैनिक जय राजस्थान समाचार पत्र, निम्बाहेड़ा, ईश्वर लाल खटीक उपखण्ड अधिकारी डूंगला, विवेक गरासिया तहसीलदार रावतभाटा, गजेंद्र शर्मा भू अभिलेख निरीक्षक भूपालसागर, दिनेश सिंह करोड़िया, भू अभिलेख निरीक्षक, गोपाल लाल धाकड़ पटवारी प.ह. मण्डावरी तहसील बेगू, कुसुम कंवर, पटवार मण्डल-नारेला, तहसील चित्तौड़गढ़, नारायण सिंह सहायक कर्मचारी तहसील चित्तौड़गढ़, गोविंद सिंह बारेठ जिला कलक्टर कार्यालय चित्तौड़गढ़, मानस त्रिवेदी साइबर एक्सपर्ट (प्राइवेट), बसंतीलाल शर्मा/भैरूलाल शर्मा, इंजीनियरिंग सुपरवाईजर, कार्यालय अधिशाषी अभियंता, विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड़, सावा, रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ मण्डल, वाणिज्यिक निरीक्षक (प.रे.) चित्तौड़गढ़, संतोष कुमार शर्मा अतिरिक्त वाणिज्य कर अधिकारी, उदयभान सिंह चौहान सहायक अभियंता सा.नि.वि. रावतभाटा, देवकन्या धाकड़ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आंगनबाड़ी केंद्र कनेरा चतुर्थ, पारसदेवी मेघवाल, आशा सहयोगिनी, ग्राम पंचायत बड़वल, गोपाल जाजू (मोर्निंग क्लब चित्तौड़गढ़), महावीर इंटरनेशनल, हरिओम सिंह परमार (अर्पण सेवा संस्थान), मेवाड़ महोत्सव समिति, सरोज मनोहर वेलफेयर एवं डवलपमंट सोसायटी, स्वाति बिड़ला, निलेश बल्दवा, ऋषभ चतुर्वेदी, श्वेता सामर, चन्देरिया जिंक स्मैल्टर प्लांट हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड पुठोली, शंभूलाल मेनारिया/रामलाल मेनारिया निवासी महूड़ा, जे.के. सीमेंट वर्क्स निम्बाहेड़ा, मधुसूदन पालीवाल, अरनिया जोशी, निम्बाहेड़ा, भारती गहलोत, काउन्सलर (प्रो-बोनो) अराजपत्रित, संदीप कुमार सेठिया प्राबोनो अधिवक्ता, समन्वयक संस्थापक अध्यक्ष यूथ मूवमेंट राजस्थान, गोपाल जणवा पिता जगदीश जणवा, देवीलाल पिता जमनालाल जणवा, कैलाश पिता मिठूलाल जणवा, गौपाल पिता घासी जणवा, बिलोदा, तनीष्क आगाल, श्री दर्शिल व्यास, आरव जैन, आर्यश गदिया को उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

# पीएचडी की उपाधि मिलने पर नीरज जांगिड प्रदेश स्तर पर सम्मानित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राम्हण महासभा प्रदेश सभा राजस्थान द्वारा दिनांक 26 जनवरी गणतंत्रता दिवस पर जांगिड समाज के प्रतिभा को सम्मानित किए जाने के लिए प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 400 से अधिक समाज की होनहार प्रतिभाशाली प्रतिभाओं आरएएस, आरजेएस, पीएचडी उपाधि, नीट, प्रोफेसर, आर्टिस्ट, गेम्स अवाईस, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, स्नाकोत्तर सहित उच्च शिक्षा में अपना उच्च प्रतिशत, रैंक, अवार्ड, उपाधि प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसी ₹ म में डॉ. नीरज कुमार जांगिड को पीएचडी की उपाधि मिलने पर उन्हें समाज के वरिष्ठ आईएएस डॉ समित शर्मा जी, प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पंवार, प्रदेश महामंत्री कैलाश साली वाले द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में राजस्थान की मुख्यमंत्री दिया कुमारी, भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मांडन, समाज के वरिष्ठ बीसी शर्मा जी, कार्यकारी अध्यक्ष गजानंद जांगिड, प्रदेश महिला अध्यक्ष रेणु शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा राहुल शर्मा, राष्ट्रीय पदाधिकारी रामजीलाल जांगिड, प्रदेश युवा प्रदेशाध्यक्ष धर्मवीर जांगिड, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुनील जांगिड एडवोकेट, प्रदेश मंत्री अरविंद जांगिड ठिकरिया, वरिष्ठ मंत्री हर्ष जिठावा, अशोक जांगिड, शंकर जांगिड, समाज के पत्रकार महेश जांगिड, हरिराम जांगिड, नरेश शर्मा, गीतेश जांगिड, सहित अनेकों समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी अधिकारियों ने सम्मानित किया। समारोह में समाज के वरिष्ठ अधिकारीगण, भामाशाह, प्रदेश सहित, जिलों, तहसीलों के पदाधिकारी और महिलाए, समाज बंधु सहित हजारों युवा प्रतिभाएं उपस्थित रहे।

# सुहान प्ले स्कूल परिवार ने मनाया 76वां गणतंत्र दिवस



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सनराइज सिटी निवारु सुहान प्ले स्कूल परिवार हर वर्ष की भाती76 गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित कार्यक्रम मच संचालन राजेश जांगिड़ (आलोदा) द्वारा और विशेष अथिति डॉ. अनिल कुमार शर्मा श्री अम्बे हॉस्पिटल निवारू रोड और गणमानय उपस्थित एक्स आर्मी रामपाल यादव, राजेंद्र रावशाहब, मदन लाल सैन, प्रदीप यादव, वीरेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह पलाड़ा, सन्दीप पारीक, प्रदीप शर्मा,अमृशिष गुप्ता, किशोर, विशाल माथौर, अजीत निर्वाण, तथा उपस्थित सनराईजर सिटी निवासियों तथा सुहान प्ले डायरेक्टर विजय लक्ष्मी नरेंद्र यादव समस्त विद्यालय परिवार द्वारा भव्य आयोजन किया गया।

**अंतर्राष्ट्रीय द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोहः खाटू धाम में 12 जून को होगा गौरवशाली द्वितीय अग्र अलंकरण समारोह-मित्तल**

# अंतर्राष्ट्रीय द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह समिति गठित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**कोलकाता।** 12 जून बृहस्पतिवार बाबा श्याम की नगरी खाटू धाम में आयोजित कार्यक्रम हेतु अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह समिति - 2025 का हुआ गठन किया गया है। इसमें द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह समिति में अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल, आसनसोल (पश्चिम बंगाल), संस्थापक उपाध्यक्ष मीना गोयल, विराटनगर (नेपाल), संस्थापक सचिव प्रदीप सराफ, जामुड़िया (पश्चिम बंगाल), संस्थापक कोषाध्यक्ष गणेश कुमार भरतीया, रानीगंज (पश्चिम बंगाल), राष्ट्रीय सचिव एवं मुख्य संरक्षक द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण कृष्ण कन्हैया गोयल, शक्ति (छत्तीसगढ़), राष्ट्रीय संयोजिका अग्र विभूति अलंकरण 2025 उमा बंसल, कोरबा (छत्तीसगढ़), राष्ट्रीय संरक्षक अजयकांत गर्ग, मथुरा (उत्तरप्रदेश), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील रामदास अग्रवाल, रायपुर (छत्तीसगढ़), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बुद्धीश चन्द्र अग्रवाल, अमृतसर (पंजाब), राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, बनारी. जांजगीर (छत्तीसगढ़), राष्ट्रीय संयोजिका महिला सुशीला फ़रमानिया सम्बलपुर (ओडिशा), राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन कुमार मित्तल, जयपुर (राजस्थान), राष्ट्रीय संगठन सदस्यता प्रभारी मनीषा मित्तल, सिमडेगा (झारखण्ड), अग्र ज्योति मासिक संपादिका उषा केडिया, मैसूर (कर्णाटक), निर्वतमान राष्ट्रीय सलाहकार परिषद मुख्य संयोजक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ सरिता अग्रवाल, हरिद्वार (उत्तराखंड), राष्ट्रीय सलाहकार पी डी अग्रवाल, दिल्ली, राष्ट्रीय चेयरमेन शिक्षा विकास प्रकोष्ठ विवेक अग्रवाल (जी. एल. ए.), मथुरा (उत्तरप्रदेश) राष्ट्रीय चेयरमेन अग्र लोक सेवा डॉक्टर अनीता अग्रवाल, रायपुर (छत्तीसगढ), राष्ट्रीय चेयरमेन अग्र निधि कोष योजना संगीता सेकसरिया, कोलकाता (पश्चिम बंगाल), राष्ट्रीय चेयरमेन बेटी हमारी शान मनीषा काजरिया, सूरत (गुजरात), राष्ट्रीय विधि सलाहकार पायल अग्रवाल (अधिवक्ता), अहमदाबाद (गुजरात), राष्ट्रीय चेयरमेन बाल विकास, अरुणा दिनेश अग्रवाल, बिलासपुर (छत्तीसगढ़), छत्तीसगढ़ प्रदेश चेयरमैन, अग्रसेन प्रचार समिति, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, बिल्हा (छत्तीसगढ़), राष्ट्रीय चेयरमेन धार्मिक आयोजन एवं भ्रमण समिति राजकुमार अग्रवाल (ज्योतिषाचार्य), इंदौर (मध्यप्रदेश), राष्ट्रीय युवा संगठन मंत्री डॉ निशीथ ऐरन, नजीबाबाद (उत्तरप्रदेश), राष्ट्रीय चेयरमेन जन सेवा प्रकोष्ठ पवन कुमार अग्रवाल, कोरबा (छत्तीसगढ़), राष्ट्रीय चेयरमेन वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह विनोद गुप्ता, चरखीदादरी (हरियाणा), ओडिसा प्रदेश मुख्य संयोजक जुगल किशोर सुल्तानिया, झारसुगुड़ा (ओडिशा), राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अवध किशोर गुप्ता, मेरठ (उत्तरप्रदेश), राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मशील अग्रवाल, लखनऊ (उत्तरप्रदेश), पंजाब प्रदेश अध्यक्ष, महेश गुप्ता, जालन्धर (पंजाब), छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल (अधिवक्ता), रायगढ़ (छत्तीसगढ़), तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, हैदराबाद (तेलंगाना), महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रामचरण बंसल, नागपुर (महाराष्ट्र), निर्वतमान अध्यक्ष चेन्नई, तमिलनाडु इकाई संजीव अग्रवाल, चेन्नई (तमिलनाडु), मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर दयाल सिंघल, ग्वालियर (मध्यप्रदेश), ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार सुल्तानिया, झारसुगुड़ा (ओडिशा), जम्मू प्रदेश अध्यक्ष संजय बंसल,जम्मू (जम्मू), राष्ट्रीय चेयरमेन जन संपर्क एवं समन्वय समिति राजाराम बंसल, कैलारस (मध्यप्रदेश), दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार बंसल, दिल्ली, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नारायण प्रसाद साह, पटना (बिहार), बिहार प्रदेश युवा अध्यक्ष हिमांशु गोयल, महागामा (झारखण्ड), राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन धार्मिक आयोजन एवं भ्रमण समिति राजेश अग्रवाल, हिसार (हरियाणा), राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन, जन संपर्क एवं समन्वय समिति प्रवीण कुमार बंसल, हिसार (हरियाणा), अंतर्राष्ट्रीय रक्तदान समिति कॉर्डिनेटर विनोद जालान, सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल), अंतर्राष्ट्रीय संयोजक नेपाल बालकृष्ण देवड़ा, बिराटनगर (नेपाल), अंतर्राष्ट्रीय संयोजक सिंगापुर हर्षवर्धन गोयल, सिंगापूर, ओडिशा प्रदेश चेयरमैन, अग्र विभूति अलंकरण श्रवण कुमार अग्रवाल, धरमगढ़ (ओडिशा),नागपुर महिला इकाई अध्यक्षा सुषमा बासुदेव अग्रवाल, नागपुर (महाराष्ट्र) को सम्मिलित कर कार्यक्रम को समय समय पर दिशानिर्देश हेतु अंतर्राष्ट्रीय द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह समिति का गठन हुआ, अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल ने बताया कि बहुत जल्द ही कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु राष्ट्रीय आयोजन समिति का गठन किया जाएगा जिसके अंतर्गत द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण से संबंधित आगंतुक सदस्यों की सूचना, समुचित आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था एवं अन्य सभी समितियों का गठन शीघ्र किया जाएगा विदित है कि अंतर्राष्ट्रीय द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह 2025 कार्यक्रम का भव्य आयोजन मथुरा एवं मथुरा महानगर जिला इकाई के आतिथ्य में होगा खाटू धाम में कार्यक्रम की घोषणा होते ही सभी सम्माननीय पदाधिकारियों एवं गणमान्य सदस्यों में प्रबल उत्साह देखने को मिल रहा है।



जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# 6ठी स्ट्रोंग मेन व 5वीं स्ट्रोंग वुमेन ऑफ चित्तौड़गढ़ प्रतियोगिता सम्पन्न




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** जिला स्तरीय 6ठी स्ट्रोंग मेन व 5वीं स्ट्रोंग वुमेन ऑफ चित्तौड़गढ़ की एक दिवसीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 26 जनवरी को चामटी खेड़ा चौराहा स्थित भारत बाग में सम्पन्न हुई जिसमें स्ट्रोंग मेन का खिताब ईशान अली व स्ट्रोंग वुमेन का खिताब माया कंवर सोलंकी ने जीता।

जानकारी देते हुए संघ सचिव रवि बैरागी ने बताया कि सब जुनियर केटेगरी में स्ट्रोंग वुमन चंचल कीर, जुनियर में प्रियंका पवार, सीनियर माया कंवर सोलंकी ने जीता। सब जुनियर स्ट्रोंग मेन में हर्षित चौधरी, जुनियर में ईशान अली, सीनियर में ईशान अली और मास्टर में अजयराज जयसवाल विजयी रहे।

महिला सीनियर केटेगरी 52 किग्रा वर्ग में श्रुति कच्छावा प्रथम, 57 किग्रा में रितु पगारिया प्रथम, 63 किग्रा में माया कंवर सोलंकी प्रथम, सीनियर पुरुष 59 किग्रा में अब्बास अली मोईन प्रथम, लोकेश कुमावत द्वितीय, हर्षित नाथ तृतीय रहे। 66 किग्रा में प्रथम गोपाल पहाड़िया, द्वितीय मोहित सिंह, तृतीय कुलदीप लक्षकार। 74 किग्रा में प्रथम ईशान अली, द्वितीय जीवन कुमार, तृतीय मोहित सोनी रहे। 85 किग्रा में प्रथम आशीष कोदली, द्वितीय जेनुल आबेदी रहे। 93 किग्रा में प्रथम युसुफ अली, 105 किग्रा में प्रथम पवन मेनारिया रहे। प्रथम विजेता सीनियर महिला एवं पुरुष खिलाड़ी आगामी 2 व 3 फरवरी को दौसा के बांदीकुई में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चित्तौड़गढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सब जुनियर महिला 43 किग्रा में चंचल कीर, 52 किग्रा में खुशी कीर, 57 किग्रा में लक्ष्मी गौरण, 63 किग्रा में भूमि शारदा विजेता रही। जूनियर 47 किग्रा में प्रियंका पंवार, 63 किग्रा में प्रथम सोनाली कीर, द्वितीय भूमि शारदा रही। सब जुनियर पुरूष 53 किग्रा में प्रिंस दबोदिया प्रथम, धीरज यादव द्वितीय, पीयूष कुमार बलाई तृतीय रहे, 59 किग्रा में प्रथम निर्मित गहलोत, द्वितीय नक्ष शर्मा, तृतीय आदित्य टेलर रहे। 66 किग्रा में प्रथम हर्षित सखवाया, द्वितीय शुभम मेघवाल, तृतीय पुष्पेन्द्र बारेसा रहे। 74 किग्रा में प्रथम हर्षित चौधरी, द्वितीय अर्जुन धुलिया, तृतीय सागर कलोसिया, 83 किग्रा में प्रथम सिद्वार्थ सोनी, द्वितीय कनिष्ठ वर्धन, 93 किग्रा में प्रथम आशुतोष मीणा, द्वितीय मनन खेतवास रहे।

जूनियर 53 किग्रा में प्रथम उत्साह सरकार, द्वितीय कान्हा, तृतीय मयंक कुमार रेगर रहे। 59 किग्रा में प्रथम शिवलाल रेगर, द्वितीय रामतेज यादव, 66 किग्रा में प्रथम कार्तिक नलवाया, द्वितीय कमलेश कुमार, तृतीय पंकज छीपा, 74 किग्रा में प्रथम ईशान अली, द्वितीय जयदेव सिंह, तृतीय भूपेन्द्र सिंह रावत, 83 किग्रा में प्रथम हरीश माली, 105 किग्रा में प्रथम आशुतोष मीणा, 93 किग्रा में प्रथम दिव्यांश राज सोनी। जूनियर व सब जुनियर महिला एवं पुरुष के प्रथम विजेता रहे खिलाड़ी आगामी अप्रेल 2025 में राज्य स्तर पर भाग लेंगे वहीं मास्टर केटेगरी 83 किग्रा में प्रथम रहे अजयराज जयसवाल जुलाई 2025 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

ओपनिंग सेरेमनी में संघ अध्यक्ष रवि विराणी, जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष विश्वनाथ टांक, अध्यक्ष शैलेन्द्र झंवर, पूर्व भाजपा महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा, भंवरसिंह चौहान आदि अतिथियों ने फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

समापन पर जिला खेल अधिकारी रामरतन गुर्जर, पूर्व पार्षद अनिल ईनाणी, विप्र मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जगदीशचन्द्र मेनारिया, भाजपा के मोनू सलूजा आदि अतिथियों द्वारा अंत में विजेताओं को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र सहित फूट सप्लीमेन्ट दिये गये। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में दिलीप कुमार टेलर ने सेवाएँ दी। संरक्षक एवं विधायक चन्द्रभानसिंह आक्या ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी।

प्रतियोगिता आयोजन कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार टेलर, सदस्य संदीप पंवार, योगेश धोबी, आशीष बुरठ, रोहित खटीक, दीपक बैरवा, कुन्दर घारू, राहुल सेन, दर्शन गोस्वामी, अरूणसिंह शक्तावत, दक्षविजयसिंह, पवन मेनारिया ने सहयोग दिया।

**'पशुपालन के लिए मशीनीकरण' विषयक 24 वीं दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आरंभ**

# जल, जंगल, जमीन पर हर जीव का अधिकार-डॉ. कर्नाटक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना अंतर्गत 'पशुपालन के लिए मशीनीकरण' (एमएचए) विषयक दो दिवसीय 24वीं वार्षिक राष्ट्रीय कार्यशाला मंगलवार को यहां अनुसंधान निदेशालय सभागार में आरंभ हुई। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की मेजबानी में आयोजित इस कार्यशाला में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली सहित देश भर के सौ से ज्यादा कृषि वैज्ञानिक, अभियंता और अनुसंधानकर्ता भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन सत्र में आयुक्त पशुपालन, भारत सरकार, नई दिल्ली डॉ. अभिजीत मित्रा ने कहा कि कृषि-पशुपालन के तीन प्रमुख घटक उत्पादन, रखरखाव एवं फूड सेफ्टी में मेकेनाइजेशन की विपुल संभावना व आवश्यकता है। डेयरी- पोल्ट्री के क्षेत्र में भी मशीनीकरण को तरजीह दी जानी चाहिए तभी हम दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल पाएंगे।



पशुपालकों में 70 फीसदी महिलाएं काम कर रही हैं। पशुपालन के क्षेत्र में केवल एक छोटे से घटक गोबर उठाना, पोल्ट्री में विष्ठा व अन्य अपशिष्ट की साफ-सफाई के लिए भी मशीन तैयार कर ली जाए तो मानव श्रम की काफी बचत होगी और यह श्रम अन्यत्र उपयोग में आएगा। डॉ. मित्रा ने कहा कि पशुपालन विभाग, नई दिल्ली भविष्य में पंचायत राज, उद्यान, कृषि विपणन और अन्य सबद्ध विभागों को साथ लेकर पशुपालन में मशीनीकरण पर कुछ इस तरह का रोल मॉडल तैयार करेगा जो देशभर में ब्लॉक व पंचायत स्तर पर उपयोगी साबित हो। भारत में वर्तमान में 192 मिलियन गौवंश है। इनमें से 27 प्रतिशत क्रॉस ब्रीड है जबकि 10% ही दुग्ध उत्पादन में शामिल है। उन्होंने राजस्थान की गाय की नस्ल 'थारपारकर' की व्याख्या करते हुए बताया कि वह गाय जो विपरीत परिस्थितियों में थार यानी रेगिस्तान को पार करने की क्षमता रखती हो और भरपूर दूध भी देती हो।

उपमहानिदेशक (अभियांत्रिकी) आईसीएआर नई दिल्ली डॉ. एस.एन. झा ने कहा कि मौजूदा परिवेश में पशुपालन ही नहीं 'संपूर्ण मशीनीकरण' की दिशा में काम करना होगा। विकास के मामले में दुनिया की गति काफी तेज है और ज्ञान के बल पर ही हम इस गति का मुकाबला कर पाएंगे। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों को हर समय अपडेट रहने को कहा। पशुपालन के साथ-साथ फॉर्म मेकेनाइजेशन पर जोर देते हुए डॉ. झा ने कहा कि केवल जलवायु, साफ-सफाई व आर्द्रता को नियंत्रण करने मात्र से हम दुग्ध उत्पादन में 10 प्रतिशत की अभिवृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें स्वीकार करना होगा कि 'जब तक सूरज चांद रहेगा, इस धरा पर पशुधन रहेगा' पुरानी परम्पराओं का त्याग करते हुए पशुधन के रखरखाव, दुग्ध व मांस उत्पादन में वृद्धि के लिए नए तौर तरीकों को अमल में लाना होगा।

सहायक महानिदेशक (एएनपी) आईसीएआर नई दिल्ली डॉ. अमरीश त्यागी ने कहा कि आने वाला समय क्षमता निर्माण व कौशल विकास का है। पशुपालन के लिए मशीनीकरण इसी सोच का हिस्सा है हर क्षेत्र में गहन अध्ययन, सर्वेक्षण तकनीक व प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से ही हम उपकरण और मशीन की कल्पना कर उसे साकार रूप में धरातल पर उतर पाएंगे। परियोजना समन्वयक डॉ. एस. पी. सिंह, निदेशक सीआईएई भोपाल, डॉ. सी. आर. मेहता ने पशु प्रबंधन की आधुनिक तकनीकियों का जिक्र किया।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के प्रयासों और निर्देशन ने सांभर को बनाया पर्यटन का नया डेस्टिनेशन

# सांभर महोत्सव 2025ः दो लाख से अधिक देशी विदेशी पर्यटक हुए शामिल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रयासों एवं निर्देशन से साकार सांभर महोत्सव 2025 में इस बार लगभग 2 लाख से अधिक देशी-विदेशी पर्यटकों के आगमन ने सांभर को पर्यटन का नया डेस्टिनेशन बना दिया है। राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत का यह उत्सव 24 जनवरी से 28 जनवरी (मंगलवार) तक चला। महोत्सव में आगन्तुक पर्यटकों को धार्मिक, सांस्कृतिक और रोमांचकारी पर्यटन के अनुभव हुए।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का कहना है कि सांभर महोत्सव राजस्थान की कला, संस्कृति और प्राकृतिक धरोहर को वैश्विक मंच पर लाने का एक अद्वितीय प्रयास है। यह विशिष्ट एवं अविस्मरणीय, मनमोहक लोक उत्सव ने निश्चित ही सांभर को पर्यटन के क्षेत्र में एक नये सितारे के रूप में पहचान दी है, जो कि पर्यटकों के लिए लम्बे समय तक अचंभे और आकर्षण केन्द्र बना रहेगा। सांभर महोत्सव अंतराष्ट्रीय स्तर का एक प्रमुख आकर्षण बन गया। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि "सांभर महोत्सव 2025" 24 से 28 जनवरी तक सैलानी और स्थानीय लोग सांस्कृतिक, धार्मिक और रोमांचक अनुभवों से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि सांभर की साल्ट लेक अब प्री-वेडिंग शूट और एस्ट्रो टूरिज्म के लिए भी लोकप्रिय हो रही है। झपोक, सांभर सॉल्ट कैंपस, देवयानी तीर्थ सरोवर और मेला ग्राउंड पर इस महोत्सव के दौरान कई भव्य आयोजन हुए, जिसमें पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोग उमंग और उत्साह के साथ शामिल हुए।

### उत्सव के आकर्षण

**पूर्व** विधायक फुलेरा विधानसभा निर्मल कुमावत और अतिरिक्त निदेशक पर्यटन श्री राकेश शर्मा ने गुब्बारे उड़ाकर 24 जनवरी को "सांभर महोत्सव 2025" की विधिवत शुभारम्भ किया गया। जिसमें संध्या के समय देवयानी तीर्थ सरोवर पर दीपोत्सव और महाआरती की गई। महोत्सव में सैलानी और स्थानीय लोग सांस्कृतिक, धार्मिक और रोमांच के अनुभवों से रूबरू हुए। इस दौरान राजस्थानी कला एवं शिल्प स्टॉल और फोटोग्राफी का प्रदर्शन हुआ। विभिन्न डिज़ाइन और रंगों की फैंसी पतंगें आकाश में उड़ाई गई। पैरा सेलिंग, पैरा मोटरिंग, पैरा ग्लाइडिंग, जीप सफारी और एटीवी राइड्स जैसी रोमांचक गतिविधियां आयोजित हुई। प्रकृति प्रेमियों के लिए पक्षी अवलोकन और साल्ट लेक भ्रमण का अनुभव अद्वितीय रहा। दीपोत्सव और महाआरती ने सांस्कृतिक संध्या को और खास बनाया। लोक कलाकारों की मनमोहक स्ट्रीट परफॉर्मेंस ने पर्यटकों को लुभाया। सांभर टाउन हेरिटेज वॉक, पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिताओं जैसी विशेष गतिविधियां आयोजित हुई। घुड़सवारी, ऊँट सवारी और ऊँट गाड़ी की सवारी ने भी पर्यटकों को खासा आकर्षित किया। सितारों का अवलोकन और एस्ट्रो टूरिज्म के लिए पर्यटकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पर्यटकों को नमक प्रसंस्करण टूर ने भी लुभाया। आज 28 जनवरी को समारोह का समापन हुआ।

---

## सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र के लिए पत्रकार मंत्रणा समिति की बैठक

# विधानसभा सत्र 40 दिन चलाये जाने का लक्ष्य- देवनानी

### सदन के नये कलेवर का समिति ने किया अवलोकन, सर्वदलीय बैठक आज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र को चालीस दिन चलाये जाने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा है कि इसके लिए पूरे प्रयास किये जायेंगे। यह सत्र कागज रहित और कागज सहित दोनों तरह से चलाया जाएगा। राजस्थान विधान सभा के सदस्यगण को पेपरलैस प्रकिया का सामूहिक और व्यक्तिगत दोनों ही तरह से प्रशिक्षण दे दिया गया है।वन नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत नेवा के अधिकारियों द्वारा सदन में भी सदस्यों को ऑनलाईन प्रक्रिया में मदद प्रदान की जाएगी।

#### सोलहवीं और पन्द्रहवीं विधान सभा के प्रश्नों के जवाब आने में उल्लेखनीय प्रगति

देवनानी ने बताया है कि सोलहवीं विधान सभा में पूछे गये प्रश्नों में से 88 प्रतिशत के जवाब विधान सभा को प्राप्त हो गए है। उन्होंने बताया है कि सोलहवीं विधान सभा में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को 10049 प्रश्न भिजवाये गये थे। अब इसमें से 1246 प्रश्नों के जवाब आने शेष है। पन्द्रहवीं विधान सभा के भी बकाया पाँच हजार प्रश्नों में से 70 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब विधान सभा को प्राप्त हो गए है। उन्होंने बताया कि इसके लिए उनके स्तर पर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की दो बार विधान सभा में बैठक बुलाई गई और मुख्य सचिव को भी इस संबंध में पत्र भेजा गया। शेष प्रश्नों के जवाब भी सत्र आरम्भ होने से पहले विधान सभा को मिल जाएंगे। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान प्रश्नकाल और शून्यकाल में राज्य सरकार के संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को अधिकारी दीर्घा में मौजूद रहने के लिए भी राज्य सरकार को कहा गया है।

#### मीडिया से सकारात्मक बने रहने का आग्रह

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पत्रकार दीर्घा मंत्रणा समिति में उपस्थित सदस्यों से विधान सभा संबंधी समाचारों में सकारात्मक रुख अपनाए जाने का आग्रह किया है।

#### सर्वदलीय बैठक आज

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया है कि तृतीय सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक बुधवार को बुलाई गई है। इसमें सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी दलों के जनप्रतिनिधिगण से चर्चा की जाएगी।

#### गुलाबी सदन का अवलोकन किया मंत्रणा समिति ने

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया है कि विधान सभा का सदन नये कलेवर में तैयार किया गया है। गुलाबी शहर का सदन भी गुलाबी रंग में तैयार किया गया है। श्री देवनानी ने पत्रकार मंत्रणा समिति के सदस्यों को नये कलेवर में तैयार सदन का अवलोकन करवाया।

#### विधान सभा में पत्रकारों के लिए सभी व्यावहारिक सुविधाएं

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बैठक में कहा है कि विधान सभा सत्र के दौरान कवरेज के लिए आने वाले सभी प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता, छायाकार और कैमरामैन के लिए सभी व्यावहारिक सुविधाएं की जाएंगी। उन्होंने कहा है कि छायाकारों और कैमरामैनों के लिए विधान सभा के पश्चिमी पोर्च के समीप वाटर प्रूफ टेन्ट पर्दे सहित लगाया जाएगा जिसमें पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था भी की जाएगी। इसमें छायाकारों के बैठने और विधायकगण से बातचीत करने की उचित व्यवस्था भी की जाएगी। मीडिया के प्रतिनिधिगण को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। देवनानी ने समिति के सभी सदस्यों को वर्ष 2025 के राजस्थान विधान सभा के वॉल और टेबल कैलेण्डर भेंट किये।

---

## महाकुम्भ में मौनी अमावस्या पर...

# नारायण सेवा संस्थान 1 लाख लोगों का भंडारा, 25 हजार कम्बल वितरण करेगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** अत्यन्त पवित्र एवं कल्याणकारी दान-पुण्यार्जन पर्व मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर तीर्थराज प्रयागराज में उदयपुर राजस्थान के प्रतिष्ठित एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा महाकुम्भ में 1 लाख लोगों को भण्डारा एवं 25 हजार जरूरतमंद एवं संतों को कम्बल वितरण का संकल्प रखा है।

नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि भारतीय संस्कृति के संवर्धन एवं हिन्दू धर्म की भावनाओं को मजबूत करने के लिए प्रयागराज में नारायण सेवा संस्थान द्वारा 80 हजार वर्ग फिट पर अस्थाई भव्य पंडाल बनाया गया है। जिसमें भोजन भण्डारा, वस्त्र वितरण, आवास एवं दिव्यांग सेवा के विभिन्न प्रकल्प संचालित हो रहे है। संस्थान लाखों लोगों को सुबह से शाम तक निःशुल्क भण्डारा, कम्बल वितरण के साथ दिव्यांगजनों को सशक्त कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क हादसों, बीमारी या करंट जैसी दुर्घटनाओं में अपाहिज हुए दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग निर्माण कार्यशाला एवं फिजियोथेरेपी सेन्टर संचालित कर सैकड़ों दिव्यांगों को लाभान्वित किया जा रहा है। संस्थान यह कुम्भ दिव्यांग सशक्तिकरण महाकुंभ के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या के अवसर पर संस्थान अमृत स्नान के साथ दिव्यांग, अनाथ एवं कुम्भ के यात्रियों के लिए 1 लाख श्रद्धालुओं का भंडारा व 25 हजार कम्बल वितरण कर मोक्षदायी पुण्यदायी मौनी अमावस्या महापर्व मनायेगा। साथ ही अमृत स्नान के उत्सुक संस्थान सदस्य एवं दिव्यांगों को यह पुण्य लाभ भी प्रदान करेगा।

---

## ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा शाश्वत यौगिक खेती

# जैविक और टिकाऊ कृषि के लिए एक नई दिशा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग द्वारा राजस्थान के ग्राम पंचायत जाहोता में आज शाश्वत यौगिक खेती के पहले मॉडल का शुभारंभ किया गया। जिसके मुख्य आकर्षण- शाश्वत यौगिक खेती का मॉडल, महिला सशक्तिकरण की पहल के तहत 'राज़ऋषि दीदी की रसोई' एवं पोषण वाटिका का शुभारम्भ किया गया सांसद राव राजेंद्र सिंह (जयपुर ग्रामीण) ने अपने संबोधन में शाश्वत यौगिक खेती की सराहना करते हुए इसे किसानों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली पहल बताया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में रासायनिक खेती के कारण किसानों को बढ़ती लागत, घटती उपज और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में शाश्वत यौगिक खेती किसानों को प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर ले जाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। राजयोगिनी सरला दीदी (अध्यक्षा, कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग) ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शाश्वत यौगिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,"शाश्वत यौगिक खेती न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि यह किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का एक प्रभावी माध्यम भी है। आधुनिक कृषि में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग ने मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित किया है, जिससे कृषि उत्पादों की गुणवत्ता कम हो गई है। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि हम अपनी परंपरागत खेती की ओर लौटें और जैविक तथा प्राकृतिक तरीकों को अपनाएं।"

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़, जयपुर सबज़ोन प्रभारी राजयोगिनी सुषमा दीदी, राजयोगी राजू भाई (उपाध्यक्ष, कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग), बीके चंद्रेश भाई (प्रोजेक्ट संयोजक, ब्रह्माकुमारीज़), कार्यक्रम में प्रोफेसर सपना नरूला, निदेशिका, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर मार्केटिंग, डॉ. अमित टुटेजा, संस्थापक कनेक्टिंग ड्रीम्स संस्था, जैविक कृषि उत्पादक और सामाजिक कार्यकर्ता राजबाला, डॉ. पुर्वेश पटेल, रोटरी प्रेसिडेंट, अहमदाबाद, ग्राम पंचायत जाहोता के सरपंच श्यामप्रताप राठौड़ ने भी अपने विचार रखें।

ब्रह्माकुमारीज़ राजावास सेवाकेंद्र प्रभारी बीके सुनेहा दीदी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभिनव पहल किसानों और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाते हुए प्राकृतिक और विषमुक्त खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस दौरान ब्रह्माकुमारीज़ और रोटरी क्लब के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस ऐतिहासिक आयोजन में राजयोगिनी चंद्रकला दीदी, राजयोगिनी संगीता दीदी, सेवानी ग्रुप ऑफ कंपनियों के संस्थापक नरेंद्र सेवानी, राजयोगिनी लक्ष्मी दीदी सहित 2000 से अधिक किसानों, कृषि विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया।

---

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



**चित्तौडगढ़ @ जागरूक जनता।** साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) रामचंद्र खटीक की अध्यक्षता में आयोजित की गईं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं, डीएमएफटी के अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विभागीय घोषणाओं - योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने, बजट घोषणाओं के अंतर्गत की गई कार्यवाही की अद्यतन सूचना भिजवाने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे राजकाज पर पेंडिंग फाइलों को आवश्यक रूप से देखें एवं संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निस्तारण करें। बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दिनेश कुमार जागा, उपनिदेशक उद्यान डॉक्टर शंकर लाल जाट, शिक्षा, चिकित्सा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गांव बंद आंदोलनः आज मंडियो में नही जाएंगे किसान

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ किसान महापंचायत ने 29 जनवरी को प्रदेश के 45,537 गांवों में बंद का आह्वान किया है। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि इस दिन गांव के लोग और उत्पाद गांव में ही रहेंगे। आपातकालीन स्थिति को छोड़कर बस, जीप, रेल या अन्य किसी यातायात के साधन का उपयोग नहीं किया जाएगा। गांव से अनाज या फलसब्जी बेचने किसान मंडियों में नहीं जाएंगे। हालांकि, फसल या उत्पाद कोई व्यक्ति लेने गांव आता है तो उसे उचित मूल्य पर बेचने का भी आह्वान किया है।

## राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा दिनांक 2 फरवरी (रविवार) को जयपुर जिले में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक 240 परीक्षा केन्द्रों पर राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। जयपुर के परीक्षा केन्द्रों पर 91 हजार 513 अभ्यर्थी अपना भाग्य आजमाएंगे। परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 31 जनवरी, 2025 से 02 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 31 जनवरी एवं 01 फरवरी 2025 तक प्रातः 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 02 फरवरी को प्रातः 10 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 85 उप समन्वयक एवं 40 उड़नदस्तों की नियुक्ति की गई है। जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा।

---

# चारा उत्पादन, संग्रहण के लिए संबंधित विभाग परस्पर सहभागिता से काम करें- डॉ. शर्मा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश में चारे की कमी के मद्देनजर चारा उत्पादन और साइलेज को बढ़ावा देने के लिए गठित टास्क फोर्स की दूसरी बैठक शासन सचिव पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में संपन्न हुई। बैठक में हरा, सूखा चारा उत्पादन एवं संग्रहण, चारा बीज मिनी किट वितरण, चारा उत्पादन एवं प्रदर्शनी इकाई तथा पशुपालकों को चारा उत्पादन के नवीनतम तकनीक का प्रशिक्षण, गौशाला में स्थित खाली भूमि पर चारा उत्पादन आदि विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक में शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों में चारा उत्पादन का क्षेत्र नहीं बढ़ा है और चारे का उत्पादन भी नहीं बढ़ा है। इसका असर हमारे दुधारू पशुओं की सेहत पर तो पड़ता ही है। इससे दूध का उत्पादन भी कम होता है और दूध की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि गोचर भूमि भी समाप्त हो रही है। डॉ. शर्मा ने कहा कि हमारे पास जो भी संसाधन और क्षेत्र हैं उन सबका उपयोग करते हुए हमें चारा उत्पादन पर अधिक से अधिक ध्यान देना है। दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए चारा उत्पादन बहुत जरूरी है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि हमें हमारे फार्मस को चारा उत्पादन क्षेत्र के रूप में विकसित कर उपयोगी बनाना है। गौशालाओं की खाली पड़ी जमीन पर भी गायों के लिए चारे का उत्पादन करना चाहिए जिससे गायों के लिए चारे की आपूर्ति स्थानीय स्तर से ही हो जाए। उन्होंने चारा उत्पादन बढ़ाने के लिए अंतरफसली प्रणाली अपनाने पर भी जोर दिया। शासन सचिव ने सभी विभागों से सफलता की कहानियां तैयार कर किसानों और पशुपालकों तक पहुंचाने की बात कही जिससे उन्हें प्रेरणा मिले और वे भी इसके लिए प्रयास करें। उन्होंने अगली बैठक में सिंचाई विभाग और वाटरशेड डेवलपमेंट बोर्ड को भी इस टास्क फोर्स में शामिल करने पर सहमति जताई।

---

# ऑटो रिक्शा स्टेण्ड से तत्काल अतिक्रमण हटाने हेतु जिला कलेक्टर सहित माननीयों को दिया ज्ञापन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौडगढ़।** चित्तौड़गढ़ में सुव्यवस्थित ऑटो स्टैंड मुहैया कर रखा है परंतु उक्त ऑटो रिक्शा स्टैंड जो चिन्हित है वहां पर कई लोगों ने भारी अतिक्रमण कर लिया है तथा वहां पर अतिकर्मियों ने ऑटो स्टैंड के स्थान पर कई लोगों ने भोजनशाला खोलकर घूमतियां स्थापित कर दी है तथा ग्राहकों को बैठने के लिए काफी लंबी चौड़ी जगह को घेर कर कुर्सियां लगा रखी है जिससे भारी अतिक्रमण हो रहा है जहां पर ऑटो भी खड़े नहीं हो पाते हैं आने जाने वाले राहगीर वह गाड़ियों का भारी जाम लग जाता है। वर्तमान में रोडवेज बस स्टैंड एवं सुभाष चौक एवं रेलवे स्टेशन के एरिया में अतिकर्मियों ने भारी अतिक्रमण कर लिया है जहां गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में झंडारोहण के बाद को लेकर सुबह 8 बजे उक्त स्थान से अतिक्रमण हटाने की करने पर लड़ाई झगड़ा कर मरने मरने पर आमादा हो रहे हैं तथा प्रशासन भी समस्त ऑटो चालकों के विरुद्ध बुरा बर्ताव कर रहा है तथा हम हमारे चिन्हित स्थानों का भी पूर्ण रूप से उपयोग उपभोग नहीं कर पा रहे हैं चिन्हित स्थान पर कई बार बसें खड़ी रहती है तथा चिन्हित स्थान पर गुमटियों द्वारा अतिकर्मियों ने लगाकर भारी अतिक्रमण कर रखा है तथा किराया राशि वसूलकर व अन्य लोगों को किराएदारी पर दे रखी है तथा उक्त गुमटियों में अवैध सामान का कारोबार हो रहा है तथा उक्त गुमटीयों के आसपास में चिन्हित स्थान पर अपराधिक प्रवृत्ति के लोग घूमते रहते हैं। जिससे कई राहगीरों के साथ सामान चोरी जैसे अपराध भी बढ़ रहे हैं चित्तौड़गढ़ शहर में वर्तमान में करीब 2000 ऑटो रिक्शा चल रहे हैं तथा चित्तौड़गढ़ शहर एक पर्यटन स्थल है जहां से हजारों पर्यटक भी आते जाते हैं तथा उक्त ऑटो रिक्शा चलाने वाले लोग काफी गरीब परिवार के लोग हैं। वर्तमान में चित्तौड़गढ़ में जो चिन्हित ऑटो रिक्शा स्टैंड स्थित है जिस पर भारी अतिक्रमण कर रखा है जिस ऑटो के खड़े रहने की कोई भी व्यवस्था नहीं है। जबकि उक्त चिन्हित स्थानों को ऑटो स्टैंड के लिए आरक्षित किया गया है वह चिन्हित स्थानों से सवारियां बिठाने का प्रावधान है परंतु ट्रैफिक प्रभारी व अधिकारीगण हम ऑटो चालकों को जहां-जहां भी ऑटो स्टैंड चिन्हित है वहां से ना तो सवारियां बिठाने दे रहे हैं और ना ही सवारियां उतारने दे रहे हैं।